RNI-UPHIN/2009/30721




बुधवार 23 जुलाई 2025
सुर्योदय प्रात: 05 :38 बजे
सूर्यास्त सांय 19 : 18 बजे

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 भारत के यूपीआई ने अमेरिका के वीजा को पछाड़ा

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्ष : 16 | अंक : 278 | गाजियाबाद, बुधवार 23 जुलाई 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946

केनरा बैंक Canara Bank
SCAN & PAY
UPI ID: 300012627000246@cnrb
BHIM UPI
Canara ai1 CBDC Paytm
Cred PhonePe Google Pay
DIGITAL RUPEE ACCEPTED HERE

NCR MASALA
India's Premium Masala

9410855900
ncrmasala@gmail.com
get online www.ncrmasala.com
गर्म मसाला, हल्दी, मिर्च, धनिया, जीरा व अन्य रसोई मसाले

## जगदीप धनखड़ का उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा मंजूर

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। जगदीप धनखड़ का उप राष्ट्रपति पद से इश्तीफा स्वीकार कर लिया गया है।श्री धनखड़ ने सोमवार देर शाम स्वास्थ्य कारणों से तत्काल प्रभाव से इश्तीफा देते हुए अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को भेज दिया था। गृह मंत्रालय ने श्री धनखड़ के त्याग पत्र को सार्वजनिक करते हुए मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी।राज्यसभा में पीठासीन उप सभापति घनश्याम तिवाड़ी ने सदस्यों को सूचित किया कि गृह मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर श्री धनखड़ के इश्तीफे की जानकारी प्रकाशित कर दी है। उन्होंने कहा कि श्री धनखड़ ने संविधान के अनुच्छेद 67 (ए) के अंतर्गत अपना इश्तीफा दिया है। उपराष्ट्रपति राज्य सभा के पदेन सभापति भी होते हैं।उल्लेखनीय है कि इस अनुच्छेद के अनुसार उप-राष्ट्रपति राष्ट्रपति को संबोधित पत्र के द्वारा अपने पद से इश्तीफा दे सकते हैं और इसे तत्काल प्रभाव से स्वीकार माना जाता है।

## सरकार ने 'वोटबंदी' पर चर्चा से इनकार किया, इसलिए संसद की कार्यवाही बाधित हुई : कांग्रेस

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा के लिए तैयार नहीं हुई जिसके कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बाधित हुई। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि सरकार ने अब तक स्पष्ट जवाब नहीं दिया है कि पहलगाम एवं ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा तथा राज्यसभा में चर्चा कब शुरू होगी और क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जवाब देंगे। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आज संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी क्योंकि मोदी सरकार ने बिहार और अन्य राज्यों में चुनाव आयोग द्वारा की जा रही वोटबंदी पर चर्चा से इनकार कर दिया। इसके अलावा, मोदी सरकार ने अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं किया है कि पहलगाम-सिंदूर पर लोकसभा तथा राज्यसभा में चर्चा कब शुरू होगी और क्या प्रधानमंत्री जवाब देंगे।''

## दो हाईकोर्ट में 10 जजों की नियुक्ति

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। देश के दो उच्च न्यायालयों में 10 न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई है। छह अधिवक्ताओं और चार न्यायिक अधिकारियों को दो उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश के रूप में मंगलवार को पदोन्नत किया गया। नए 10 न्यायाधीशों में से तीन दिल्ली उच्च न्यायालय और सात राजस्थान उच्च न्यायालय में नियुक्त किए गए हैं। संदीप तनेजा को राजस्थान उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है, जबकि बलजिंदर सिंह संधू, बिपिन गुप्ता, संजीत पुरोहित, रवि चिरानिया, अनुरूप सिंघी और संगीता शर्मा को अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किए जाने से पहले दो साल की अवधि के लिए नियुक्त किया जाता है। दिल्ली उच्च न्यायालय में विनोद कुमार, शैल जैन और मधु जैन को न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

## संसद भवन में हुई कांग्रेस संसदीय दल की बैठक

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। संसद के मानसून सत्र के दूसरे दिन आज सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस संसदीय दल की बैठक हुई जिसमें संसद में पार्टी के ग्रुप को लेकर विचार विमर्श किया गया। संसद भवन परिसर में आयोजित इस बैठक में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित पार्टी के प्रमुख नेता शामिल हुए। कांग्रेस के लोकसभा तथा राज्यसभा के सदस्यों ने बैठक में हिस्सा लिया और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के इश्तीफे से पैदा हुए हालात जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

# अब दुश्मन की खैर नहीं! भारत पहुंच गया अपाचे

### सेना ने दिखाई पहली झलक,जोधपुर में होंगे तैनात





नई दिल्ली (एजेंसी)। अपाचे हेलीकॉप्टर का पहला बैच भारत पहुंच चुका है। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। अमेरिका से आए ये अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर भारतीय सेना के बेड़े में शामिल होने वाले हैं। इन्हें जोधपुर में तैनात किया जाएगा।

अपाचे हेलीकॉप्टर की गिनती एडवांस कॉम्बेट हेलीकॉप्टरों में होती है। इससे भारतीय सेना की मजबूती में चार चांद लग गए हैं। सेना ने भी अपाचे की एंट्री पर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारतीय सेना में शामिल हुए अपाचे। यह सेना के लिए ऐतिहासिक पल है। अपाचे हेलीकॉप्टर का पहला बैच भारत पहुंच चुका है। इससे भारतीय सेना की ऑपरेशनल क्षमताओं में इजाफा होगा। अपाचे हेलीकॉप्टर का पहला बैच 15 महीनों की देरी के बाद मिला है। अमेरिकी कंपनी बोइंग ने यह हेलीकॉप्टर तैयार किए हैं। भारत ने बोइंग को 2020 में 6 अपाचे हेलीकॉप्टर का ऑर्डर दिया था, जिनकी डिलीवरी पिछले साल ही होनी थी। पहली खेप में अमेरिका से 3 अपाचे हेलीकॉप्टर भारत पहुंचे हैं। भारतीय सेना में पहले से 22 अपाचे हेलीकॉप्टर हैं, जिनके साथ ही अपाचे हेलीकॉप्टर की संख्या 25 हो गई है। अपाचे हेलीकॉप्टर रात में भी दुश्मन पर भारी पड़ सकते हैं। इनमें नाइट विजन के साथ थर्मल सेंसर लगा है, जो रात के अंधेरे में दुश्मन पर सटीक वार करने में सक्षम है।

## मालदीव की आजादी के जश्न में मुख्य अतिथि होंगे पीएम मोदी

● राष्ट्रपति मुइज्जू ने खुद की पहल



माले (एजेंसी)। मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार दो दिवसीय मालदीव की यात्रा पर जा रहे हैं। वह मालदीव की आजादी की 60वीं सालगिरह के जश्न में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। प्रधानमंत्री 25 और 26 जुलाई को मालदीव में रहेंगे। राष्ट्रपति मुइज्जू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मालदीव आने का न्योता दिया था। अपने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्य अतिथि बनाना इस बात की ओर संकेत करता है कि मालदीव और भारत के रिश्ते फिर से पटरी पर लौट रहे हैं। वहीं मालदीव को अपनी पिछली गलतियों का अहसास भी हो गया है। इस यात्रा का उद्देश्य भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है।

### मुंबई ट्रेन ब्लास्ट केस

## आरोपियों की रिहाई के खिलाफ एससी पहुंची महाराष्ट्र सरकार



● 24 को होगी सुनवाई, हाईकोर्ट ने सभी को किया था बरी

मुंबई (एजेंसी)। 2006 के मुंबई सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में अब महाराष्ट्र सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। शीर्ष कोर्ट में 24 जुलाई को सुनवाई होगी। महाराष्ट्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से तत्काल सुनवाई की अपील की थी। मुंबई में 2006 के सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने 21 जुलाई को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि प्रॉसीक्यूशन, यानी सरकारी वकील आरोपियों के खिलाफ केस साबित करने में नाकाम रहे। हाईकोर्ट ने कहा कि यह मानना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है, इसलिए उन्हें बरी किया जाता है। अगर वे किसी दूसरे मामले में वॉन्टेड नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए। कोर्ट के आदेश के बाद सोमवार शाम 12 में से दो आरोपियों को नागपुर सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। इनमें एहतेशाम सिद्दीकी शामिल है।

## राज्य विधेयक पर निर्णय की समयसीमा को लेकर राष्ट्रपति के संदर्भ पर कोर्ट ने केंद्र, राज्यों से जवाब मांगा

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम संवैधानिक मुद्दे पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और सभी राज्यों से जवाब मांगा है। मामला राष्ट्रपति द्वारा भेजे गए उस संदर्भ से जुड़ा है, जिसमें यह सवाल उठाया गया है कि क्या विधानसभा से पारित विधेयकों पर राष्ट्रपति द्वारा निर्णय लेने के लिए कोई समय-सीमा तय की जा सकती है।

प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई की अध्यक्षता में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए.एस. चंदुरकर की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अगले मंगलवार तक केंद्र और राज्यों से जवाब मांगा है। पीठ ने कहा कि राष्ट्रपति के संदर्भ में जो मुद्दा उठाया गया है वह ''पूरे देश पर प्रभाव'' डालने वाला है। पीठ ने आदेश दिया, ''संविधान की व्याख्या के मुद्दे हैं।

हमने अटॉर्नी जनरल से सहायता करने का अनुरोध किया है। केंद्र और सभी राज्य सरकारों को नोटिस जारी करें। सॉलिसिटर जनरल केंद्र की ओर से पेश होंगे। सभी राज्य सरकारों को ईमेल के माध्यम से नोटिस भेजा जाए। इसे अगले मंगलवार को सूचीबद्ध करें। सभी स्थायी वकीलों को भी नोटिस भेजा जाए।''

मामले पर संक्षिप्त सुनवाई के दौरान केरल और तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ताओं के. के. वेणुगोपाल और पी. विल्सन ने क्रमशः इस संदर्भ का विरोध किया और इसकी



स्वीकार्यता पर सवाल उठाया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि ये आपत्तियां बाद में उठाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि मामले की सुनवाई अगश्त के मध्य में होगी।

मई में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अनुच्छेद 143(1) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए शीर्ष अदालत से यह जानना चाहा था कि क्या राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर विचार करते समय राष्ट्रपति द्वारा विवेकाधिकार का प्रयोग करने के लिए न्यायिक आदेशों द्वारा समयसीमा निर्धारित की जा सकती है। संविधान का अनुच्छेद 143 (1) राष्ट्रपति की उच्चतम न्यायालय से परामर्श करने की शक्ति से संबंधित है।

अनुच्छेद के अनुसार, ''अगर किसी भी समय राष्ट्रपति को ऐसा प्रतीत हो कि विधि या तथ्य का कोई प्रश्न उत्पन्न हुआ है या उत्पन्न होने की संभावना है जो ऐसी प्रकृति और ऐसे सार्वजनिक महत्व का है कि उस पर उच्चतम न्यायालय की राय प्राप्त करना समीचीन है।

## विधेयकों को मंजूरी : SC राष्ट्रपति मुर्मू के 14 सवालों की पड़ताल पर सहमत

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने आठ अप्रैल के अपने फैसले के संबंध में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उठाए गए 14 महत्वपूर्ण प्रश्नों पर विचार-विमर्श करने पर मंगलवार को सहमति व्यक्त की। शीर्ष अदालत ने 8 अप्रैल के फैसले में राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए कार्रवाई की समय-सीमा तय की गई थी।

प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए. एस. चंदुरकर की संविधान पीठ 29 जुलाई को समय-सीमा तय करेगी और अगश्त के मध्य में राष्ट्रपति के संदर्भ पर सुनवाई शुरू करेगी।

राष्ट्रपति द्वारा अनुच्छेद 143 (1) का विरले ही प्रयोग देखने को मिलता है। इस अनुच्छेद के तहत अपनी शक्ति का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में ऐसा प्रतीत होता है कि निम्नलिखित कानूनी प्रश्न उठे हैं और वे ऐसी प्रकृति और सार्वजनिक महत्व के हैं कि उच्चतम न्यायालय की राय प्राप्त करना समीचीन है। संविधान का अनुच्छेद 143 (1) राष्ट्रपति की सर्वोच्च न्यायालय से परामर्श करने की शक्ति से संबंधित है।

अनुच्छेद के अनुसार, ''अगर किसी भी समय राष्ट्रपति को ऐसा प्रतीत हो कि विधि या तथ्य का कोई प्रश्न उत्पन्न हुआ है। या उत्पन्न होने की संभावना है जो ऐसी प्रकृति और ऐसे सार्वजनिक महत्व का है कि उस पर उच्चतम न्यायालय की राय प्राप्त करना समीचीन है, तो राष्ट्रपति उस प्रश्न को विचार के लिए उच्चतम न्यायालय भेज सकते हैं और न्यायालय ऐसी सुनवाई के बाद जैसा वह उचित समझे, राष्ट्रपति को उस पर अपनी राय से अवगत करा सकता है।''

## मुंबई के इस्कॉन मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा अलर्ट जारी

✷ वेबवार्ता. मुंबई ✷

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के गिरगांव चौपाटी इलाके में मंगलवार को इस्कॉन मंदिर को बम



से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद मंदिर की सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया। मंदिर प्रबंधन को भेजे ईमेल में धमकी दी गई है कि अगर उनकी माँगें पूरी नहीं की गईं, तो 16 घंटे के अंदर मंदिर को उड़ा दिया जाएगा।

मंदिर के सहायक सुरक्षा प्रबंधक की ओर से दी गयी शिकायत के मुताबिक यह धमकी आउटलुक ईमेल आईडी से आई है और इसे इमैनुएल शेखरन नाम आदमी ने भेजा है।

इस मेल में कहा गया है कि तमिलनाडु की द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) सरकार तमिलनाडु पुलिस संगठन के संबंध में दिवंगत नयनार दास की सिफारिशों को तुरंत लागू करे।

ईमेल में चेतावनी दी गई है कि माँगें पूरी न होने पर गिरगांव स्थित इस्कॉन मंदिर में बम विस्फोट किया जाएगा।

शिकायत के बाद, ग्वालिया टैंक पुलिस (गामदेवी पुलिस) ने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 351(1) के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल जांच चल रही है।

## चंदन मिश्रा हत्याकांड के 2 शूटर मुठभेड़ में घायल

● बिहार एसटीएफ ने सरेंडर करने को कहा तो फायरिंग की ● भागने में मदद करने वाला अभिषेक भी हो गया गिरफ्तार

आरा (एजेंसी)। बिहार के आरा में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या से जुड़े कुछ आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इसमें दो बदमाशों को गोली लगी है। एक को गिरफ्तार किया गया है। हथियार भी बरामद किए गए हैं। एसटीएफ



को गैंगस्टर मर्डर केस से जुड़े 3 अपराधियों बलवंत, रवि रंजन और अभिषेक के बिहियां थाना क्षेत्र में होने की सूचना मिली थी। टीम ने मंगलवार सुबह 5 बजे कटिया रोड के पास उन्हें घेर लिया। बदमाशों को सरेंडर करने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में बलवंत और रवि रंजन को पैर में गोली लगी है। दोनों को आरा सदर अस्पताल भेजा गया है। घायलों को पटना रेफर किया गया है। अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से दो पिस्टल, एक देसी कट्टा, दो मैगजीन और 4 कारतूस बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ में एसटीएफ के 2 जवान रोहित कुमार और उत्तम कुमार भी जख्मी हुए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार चंदन मिश्रा हत्याकांड के पीछे संगठित गिरोह का हाथ है। जिसकी तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही थी। पारस अस्पताल में चंदन मिश्रा की हत्या में बलवंत नामजद आरोपी था। मृतक



चंदन के पिता ने उसका नाम दिया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बलवंत ने चंदन मिश्रा को 7 गोलियां और रवि रंजन ने पांच गोलियां मारी थीं। घटना के बाद इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। एसपी भोजपुर राज ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। जल्द ही पूरे गैंग का भंडाफोड़ किया जाएगा। एसटीएफ पटना को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदन मिश्रा हत्याकांड में शामिल 3 अपराधी बिहियां रेलवे स्टेशन के पास हथियार लेकर पहुंचे हैं। इनपुट के आधार पर एसटीएफ और पुलिस की कार्रवाई में अभिषेक को पकड़ा गया।

## चौतरफा बिकवाली के बीच प्रमुख सूचकांकों में हल्की गिरावट, इटरनल के शेयर में 10 प्रतिशत का उछाल

✷ वेबवार्ता. मुंबई ✷

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को शुरुआती तेजी के बाद बिकवाली हावी हो गयी और सीमित कारोबार के बीच प्रमुख सूचकांकों में हल्की गिरावट दर्ज की गयी। हालांकि अच्छे तिमाही परिणाम के दम पर सेंसेक्स में शामिल इटरनल का शेयर 10 प्रतिशत की जोरदार उछाल के साथ बंद हुआ।

सुबह के सत्र में पिछले कारोबारी दिवस की तेजी को बरकरार रखते हुये बीएसई का सेंसेक्स 327.09 अंक की तेजी के साथ 82,527.43 अंक पर खुला और 82,538.17 अंक तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली शुरू हो गयी और दोपहर के करीब सेंसेक्स 82,110.63 अंक तक उतर गया था। अंत में यह 13.53 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की हल्की गिरावट में बंद हुआ।

निफ्टी-50 भी 75.95 अंक की बढ़त में 25,166.65 अंक पर खुला और ऊपर 25,182 अंक को छूने के बाद 25,035.55 अंक तक उतर गया।

कारोबार की समाप्ति पर यह 29.80 अंक यानी 0.12 फीसदी की नाम मात्र की गिरावट के साथ 25,060.90 अंक पर रहा।

एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने बताया कि फिलहाल निफ्टी पर दबाव बना रहेगा। यह नीचे 24,900 अंक और ऊपर 25,260 अंक के दायरे में रह सकता है। ऐप आधारित फूड डिलिवरी ब्रांड जोमैटो की प्रवर्तक कंपनी इटरनल का मुनाफा 28 प्रतिशत बढ़ने से इसका शेयर आज जबरदश्त उछाल पर था। यह सेंसेक्स में सबसे ज्यादा 10.56 प्रतिशत चढ़ा। टाइटन में भी 1.08 फीसदी की बढ़त रही।

बैंकिंग में आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में तेजी ने सेंसेक्स की गिरावट को लगभग नगण्य कर दिया।रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस और एलएंडटी के शेयरों में गिरावट रही।

# MVDA ने वृंदावन में की अवैध कॉलोनी ध्वस्त

✷ एनसीआर टुडे. मथुरा ✷




मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की टीम ने मंगलवार को वृंदावन के रामताल रोड, की की नगला, देवी आटस बांगर क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित हो रही तीन कॉलोनी में जोरदार तरीके से ध्वश्तीकरण अभियान चलाया।

रामताल रोड पर 1. 23 एकड़ में वेंकटेश कुमार द्वारा वृंदावन प्रॉपर्टी तथा शरद गुप्ता रामा ग्रुप कीकी नगला में 7.41 एकड़ में जबकि इनके ही द्वारा एलिगेंस रिसॉर्ट के पास देवी आटस बांगर में 0.74 एकड़ में अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी। रामताल रोड पर वृंदावन प्रॉपर्टी में तो सड़क प्लॉटों की चाहर दिवारी और 100 के करीब बिजली के खंभे, सीवर लाइन जेसीबी से तोड़ दिए गए। इस अवैध कालौनी में कहीं भी कोई पार्क नहीं बनाया गया और तो और सिंचाई विभाग की नहर पर कालौनी में आने जाने का राश्ता भी बना लिया गया।



बताते हैं ये तीनों अवैध कॉलोनी आवासीय जोन में आती है उसके बावजूद इनके बिल्डर द्वारा विकास प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृत करने की कोई जहमत नहीं उठाई गयी।

इस कार्रवाई को अंजाम विकास प्राधिकरण सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी की मौजूदगी में किया गया। सहायक अभियंता अशोक चौधरी अवर अभियंता दिनेश गुप्ता सहित थाना जैंत का पुलिस बल मौजूद रहा।

इस संबंध में सचिव श्री द्विवेदी ने बताया कि तीनो अवैध कालौनी संचालकों को समय समय पर नोटिस देकर नियमतीकरण का मौका दिया गया उसके बाबजूद इनके द्वारा मानचित्र स्वीकृत कराने की कोई कार्यवाही नहीं की गयी।

उन्होंने कहा कि मथुरा वृंदावन के सुनियोजित विकास में अवरोध उत्पन्न करने वालो के खिलाफ कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

बिना प्राधिकरण से पास किसी भी कालौनी में प्लाट खरीदने से नागरिकों को बचना चाहिए। बुधवार को तेहरा और नौगांव में ध्वश्तीकरण अभियान चलाया जायेगा

## वृंदावन-छटीकरा मार्ग पर सफाई कार्य निम्न स्तर का मिलने पर अधिकारियों की लगी फटकार

✷ एनसीआर टुडे. मथुरा ✷

शहरी स्वच्छता, जल निकासी और नाले /नालियों की नियमित सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु नगर आयुक्त नियमित रूप से वार्डवार व प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया जा रहा है।

वृंदावन जोन के छटीकरा रोड क्षेत्र का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्विस रोड पर दुकानों के सामने गंदगी पाई गई जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए त्वरित सफाई के निर्देश जारी किए गए। गरुण गोविंद मार्ग पर भी सफाई व्यवस्था असंतोषजनक मिली जिस पर नगर आयुक्त ने संबंधित सफाई अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार के आदेश दिए। इसके अतिरिक्त वैष्णो देवी मंदिर के सामने नालियों के बाहर सिल्ट पाई गई जिसे तत्काल हटवाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मार्गों के किनारे मलबा भी मिला जिसे शीघ्र हटाने हेतु जोनल सेनेटरी अधिकारी को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि मुख्य मार्गों की स्वच्छता व्यवस्था में लापरवाही उचित नहीं है नालियों की नियमित सफाई व सिल्ट उठान समयबद्ध रूप से कराया जाए।

मंगलवार को नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा मथुरा नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या 52 अंतर्गत चंद्रपुरी एवं प्रहलाद नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था, नालियों की स्थिति एवं जलभराव की समस्या का गहन अवलोकन किया गया। पार्षद प्रतिनिधि धर्मेश चौधरी द्वारा पार्क क्षेत्र में मिट्टी डलवाने की मांग की गई जिससे हरियाली व वृक्षारोपण को बेहतर रूप से विकसित किया जा सके। इस पर नगर आयुक्त ने तत्काल संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए ।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पंपिंग स्टेशन सुचारु रूप से संचालित अवस्था में पाया गया। इसी वार्ड के प्रहलाद नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या देखी गई जिस पर पार्षद प्रतिनिधि द्वारा नाली निर्माण की आवश्यकता जताई गई। नगर आयुक्तने इस पर संज्ञान लेते हुए शीघ्र योजना बनाकर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

# असम में दिग्गजों का टिकट काटने की तैयारी में भाजपा

### चुनाव से पहले सीएम ने दिए संकेत

**गुवाहटी, एजेंसी।** साल 2026 में असम में होने वाले विधानसभा चुनाव में कई दिग्गजों का टिकट कट सकता है। हालांकि, ये नेता कौन होंगे, यह स्पष्ट नहीं है। भारतीय जनता पार्टी ने साफ कर दिया है कि अगले चुनाव में पार्टी नए चेहरों को उम्मीदवार बनाएगी। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ऐसा ऐलान किया है। खास बात है कि भाजपा राज्य में हैट्रिक की कोशिश में है। सरमा ने रविवार को मौजूदा विधायकों को दोबारा मैदान में उतारने के सवाल पर कहा, सभी विधायकों को टिकट मिलना संभव नहीं है। कुछ खुद चुनाव नहीं लड़ना चाहेंगे। कुछ को हटा दिया जाएगा। फिर, परिसीमन के कारण, कुछ अपने निर्वाचन क्षेत्र खो देंगे जबकि कुछ सीटें अब अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित होंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी की उम्मीदवार सूची में नए चेहरे होंगे, लेकिन संख्या के बारे में अनुमान लगाना जल्दबाजी होगी। सरमा ने कहा, स्वतंत्रता दिवस पर कई योजनाएं शुरू की जाएंगी, जिनकी हमने अभी तक केवल घोषणा ही की है, जिससे भाजपा की संभावनाएं 100 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी। भाजपा की असम इकाई के अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने बैठक के समापन के बाद रविवार को एक पोस्ट में लिखा, माननीय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव



(संगठन) बीएल संतोष की सम्मानित उपस्थिति में दो दिवसीय भाजपा की असम इकाई की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि यह बैठक गुवाहाटी के बाहरी इलाके सोनापुर के एक रिसॉर्ट में आयोजित की गई थी। सैकिया ने कहा कि मुख्य रूप से जिन मुद्दों पर चर्चा हुई उनमें राज्य का राजनीतिक परिदृश्य, संगठनात्मक रणनीतियां और 2026 के विधानसभा चुनाव के लिए प्रारूप तैयार करना शामिल था।

# जयपुर में 20 करोड़ की फिरौती के लिए कारोबारी का किडनैप

**जयपुर, एजेंसी।** राजधानी जयपुर में ज्वेलरी कारोबारी के अपहरण की सनसनीखेज वारदात का खुलासा हुआ है। इस हाई-प्रोफाइल केस में चौंकाने वाला मोड़ तब आया जब पता चला कि कारोबारी का अपहरण उसके ही दो नजदीकी दोस्तों ने मिलकर किया था। दोस्तों ने कारोबारी को अगवा कर 20 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। जयपुर पुलिस ने दोनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

बर्थडे पार्टी से लौटते वक्त रची गई अपहरण की स्क्रिप्ट

श्याम नगर थाना इलाके में रहने वाले ज्वेलरी कारोबारी अनिकेत सोनी ने 18 जुलाई की रात अपने दोस्त आयुष शर्मा की बर्थडे पार्टी में शिरकत की थी। देर रात

### पुलिस ने दोनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है



करीब 2 बजे जब वह पार्टी से लौट रहा था, तो उसका दोस्त नदीम कुरैशी उससे साहिल खान को रास्ते में छोड़ने की बात कहता है। अनिकेत जब साहिल को लेकर अजमेर रोड स्थित शिवज्ञान हाइट्स के पास पहुंचा, तो साहिल ने टॉयलेट जाने का बहाना बनाया और कार रुकवा दी। यहीं से शुरू होती है साजिश की असली कहानी।

कार रुकते ही चार नकाबपोश बदमाशों ने अनिकेत पर हमला बोल दिया। उसे कार से खींचकर मारपीट की गई और उसकी सोने की चेन, कड़ा, रुद्राक्ष की माला और पर्स भी लूट लिया गया। फिर अनिकेत और साहिल दोनों को गाड़ी में पीछे डालकर बदमाश दौलतपुरा टोल प्लाजा की तरफ भाग निकले। रास्ते में पिस्तौल की नोक पर अनिकेत से 20 करोड़ की फिरौती मांगी गई। साहिल के मोबाइल से नदीम को कॉल कराया गया और धमकी दी गई कि अगर रकम नहीं मिली तो दोबारा अगवा कर रकम वसूली जाएगी। पुलिस को जांच के दौरान साहिल की भूमिका पर संदेह हुआ, क्योंकि वारदात के दौरान न तो वह घायल हुआ और न ही उस पर कोई हमला हुआ था। इसके अलावा साहिल और नदीम के बीच लगातार संपर्क भी पुलिस के लिए संदेह का कारण बना। जब पुलिस ने दोनों से सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने पूरी साजिश कबूल कर ली। गिरफ्तार आरोपियों में झोटवाड़ा निवासी साहिल खान (24) और नदीम कुरैशी (27) शामिल हैं। दोनों ने बताया कि कपड़ों के व्यापार में भारी घाटा होने के चलते वे कर्ज में डूब गए थे।

# यूपी में बैंक की तिजोरी से 365 ग्राम सोना गायब




**मुरादाबाद, एजेंसी।** यूपी के मुरादाबाद में मझोला थाना क्षेत्र में स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के लोन डिपार्टमेंट की तिजोरी से 365.53 ग्राम सोना गायब हो गया। यह सोना ग्राहकों ने लोन लेने के लिए गिरवी रखा था। बैंक के मैनेजर ने इस मामले में दो कर्मचारियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना मझोला के दिल्ली रोड पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की शाखा स्थित है। इस शाखा के गोल्ड लोन लोकेशन मैनेजर निजाम ने मझोला पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका बैंक बैकिंग व्यवसाय के साथ ही गोल्ड लोन देने का काम करता है। उनकी शाखा में भी गोल्ड लोन देने की सुविधा है। यहां ग्राहक अपना सोना गिरवी रखकर लोन लेते हैं। मैनेजर निजाम के अनुसार उनकी बैंक शाखा में रखे गए गोल्ड लोन पैकेटों की आंतरिक समीक्षा के दौरान पता चला कि सात पैकेट जिसमें कुल 365.53 सोना था वह तिजोरी से गायब है। यह भी बताया कि तिजोरी के दो मुख्य संरक्षक बैंक में काम करने वाले पवन सैनी और सूरज सैनी हैं। इन दोनों को ही सोने को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# चौंकाने वाला फैसला, मुंबई ट्रेन धमाके के आरोपियों को बरी करने को चुनौती देगी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई , एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार 2006 के मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले में 12 आरोपियों को बॉम्बे हाई कोर्ट की ओर से बरी किए जाने के फैसले को चुनौती देगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अदालत के फैसले को चौंकाने वाला बताया और कहा कि राज्य इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगा। उन्होंने कहा, मैं पूरे आदेश को देखूंगा। मैंने वकीलों के साथ इस पर चर्चा की है और उच्च न्यायालय के फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने फैसले के कुछ घंटों बाद सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की योजना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपील दायर करने से पहले फैसले का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करेगी। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री फडणवीस व्यक्तिगत रूप से इसकी जांच करेंगे। हम गहन मूल्यांकन के बाद ही शीर्ष न्यायालय का रुख करेंगे। पूर्व सांसद किरीट सोमैया और अन्य भाजपा नेताओं ने फैसले की निंदा करते हुए इसे दर्दनाक और चौंकाने वाला बताया। उन्होंने जांच और कानूनी टीमों से जांच की कमियों को दूर करने की मांग की।

# महाराष्ट्र असेंबली में रमी खेलने वाले कृषि मंत्री पर अजीत पवार सख्त, ले सकते हैं ऐक्शन

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधान परिषद में मोबाइल पर रमी गेम खेलने के आरोपों से घिरे कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे के खिलाफ विवाद गहराता जा रहा है। एनसीपी नेता और राज्य के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार इस मामले पर बहुत गंभीर हैं और जल्द ही कोकाटे से बात कर कार्रवाई तय करेंगे। यह जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने दी।

सोमवार को तुलजापुर में पत्रकारों से बातचीत में तटकरे ने कहा, उपमुख्यमंत्री इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। कृषि मंत्री द्वारा पूर्व में दिए गए बयान सही नहीं थे। पार्टी अध्यक्ष अजीत पवार ने पहले ही उनसे इस बारे में बात की थी। इस वीडियो के मामले में भी पवार गंभीरता से संज्ञान लेंगे और कोकाटे को तदनुसार निर्देश दिए जाएंगे।''

कोकाटे अपने उस कथित वीडियो को लेकर विवादों में घिर गए हैं, जिसमें वह विधान परिषद के सत्र के दौरान अपने मोबाइल फोन पर रमी गेम खेलते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि, उन्होंने रविवार को स्पष्ट किया कि वह सिर्फ अपने मोबाइल में डाउनलोड हुए गेम को हटाने की कोशिश कर रहे थे।

इस वीडियो को शरद पवार गुट के विधायक रोहित पवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शेयर किया, जिसके बाद लातूर में छावा संगठन ने प्रदर्शन किया। देखते ही देखते मामला झड़प में बदल गया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने मंत्री को बर्खास्त करने की मांग करते हुए एनसीपी अध्यक्ष तटकरे के सामने ताश के पत्ते फेंके। जवाब में पार्टी कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया। वीडियो में छावा संगठन के विजय घाटगे तटकरे से भिड़ते दिखे। इसके बाद राकांपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें लात-घूंसे मार दिए। पार्टी की युवा इकाई के अध्यक्ष सूरज चव्हाण भी हमले में शामिल थे। तटकरे ने कहा, राकांपा अहिंसा में विश्वास रखती है। लातूर की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं

# सेल्फी के चक्कर में 3 हजार फीट ऊपर चढ़ गए लड़के

**दंतेवाड़ा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा की पहाड़ी का एक खौफनाक वीडियो सामने आया है। वीडियो में कुछ लड़के पहाड़ी की चोटी पर चढ़कर हंसी मजाक करते दिखाई देते हैं। लड़के सेल्फी और वीडियो लेने के चक्कर में अपनी-अपनी जान जोखिम में डालकर पहाड़ी पर चढ़े होते हैं। वीडियो बनाने वाला शख्स उन्हें उस खौफनाक चोटी से उतरने की लगातार हिदायतें देता है, लेकिन सभी लड़के उसकी बात को नजरअंदाज करते रहते हैं।

ये मामला दंतेवाड़ा की बैलाडिला पहाड़ियों पर स्थित ढोलकल गणेश मंदिर का है। वीडियो में पहाड़ी की चोटी पर छह से सात लड़के खड़े दिखाई देते हैं। कोई हाथ फैलाकर फोटो खिचाता है तो कोई एक दूसरे का हाथ पकड़कर। सकरी सी चोटी के चारो तरफ दिखाई पड़ता है खौफनाक नजारा। लड़के जिस चोटी पर चढ़े थे, उसकी ऊंचाई करीब 3000 फीट बताई जा रही है। लड़कों की वीडियो बना रहा शख्स कहता है कि आजा भइया आजा यार, मुझे डर लगता है। मुझे डर लग रहा है ये सब देखकर। इस पर चोटी पर खड़ा एक लड़का हाथ हिलाते हुए कहता है कि मुझे नहीं लगता है। इस पर दूसरा लड़का मजाक उड़ाते हुए कहता है कि 12 फीट से ज्यादा गहरा नहीं है। जबकि जानकारी के मुताबिक इसकी ऊंचाई करीब 3000 फीट से ज्यादा है।

# यूपी के इस मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के 40 छात्र हुए बीमार, ऐक्शन में आया फूड सेफ्टी विभाग

**गोरखपुर, एजेंसी।** यूपी के गोरखपुर स्थित बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के 40 छात्र अचानक बीमार पड़ गए। इसके पीछे फूड प्वाइजनिंग की वजह सामने आई। पता चला कि शुक्रवार की रात हॉस्टल के मेस में मशरूम की सब्जी बनी थी। उसे खाने के बाद से ही छात्रों की तबीयत खराब होने लगी। तड़के 3 बजे के करीब कुछ छात्रों को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद उनके साथी उन्हें इमरजेंसी वार्ड में ले गए। इसके बाद अन्य छात्र भी बीमार पड़ने लगे। तीन दिन में 40 छात्र फूड पॉइजनिंग की चपेट में आकर बीमार हुए हैं। इनमें से 10 को भर्ती करना पड़ा। इस सूचना के बाद हड़कंप मच गया।



रविवार की रात सूचना मिलने के बाद मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.रामकुमार जायसवाल हरकत में आए। उन्होंने फौरन दो शिक्षकों को आवास पर तलब किया। उनके साथ वह न्यू यूजी हॉस्टल पहुंचे। प्रिंसिपल ने छात्रों का हाल जाना। मेस का निरीक्षण कर पिछले तीन दिन में बने खाद्य पदार्थ की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने मेडिसिन के डॉक्टरों की टीम तैयार की। यह हॉस्टल में ही छात्रों का प्राथमिक इलाज करेगी। इसके बाद प्राचार्य ने वार्ड में भर्ती छात्रों का भी हाल जाना। वहां पर डॉक्टरों से बात की।

एमबीबीएस छात्रों के बीमार पड़ने को लेकर सोमवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम भी एक्टिव हो गई। ऐक्शन में आए विभाग के तीन फूड इंस्पेक्टरों की टीम बीआरडी मेडिकल कॉलेज पहुंची। तीन हॉस्टलों की जांच की गई। इसमें पांच खाद्य पदार्थों के पांच नमूने लिए गए। इस दौरान टीम को हॉस्टल के मेस में बड़े पैमाने पर गंदगी मिली। टीम ने उन दुकानों से पनीर और मशरूम के भी नमूने लिए, जहां से हॉस्टलों को सप्लाई होती है। बता दें कि मेडिकल कॉलेज के न्यू यूजी हॉस्टल में फूड प्वाइजनिंग का मामला सोमवार को सामने आने के बाद सहायक आयुक्त खाद्य सुधीर कुमार सिंह ने तीन फूड इंस्पेक्टर को मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल के मेस की जांच की जिम्मेदारी सौंपी है। इसकी अगुवाई फूड इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह ने की। उनके अलावा टीम में नागेंद्र चौधरी और स्वामीनाथ भी शामिल रहे। तीनों फूड इंस्पेक्टर सबसे पहले प्राचार्य के पास पहुंचे। यहां उनसे घटनाक्रम की जानकारी ली। सहायक वार्डन डॉ. अजय यादव से मिले। टीम सबसे पहले न्यू यूजी हॉस्टल के मेस की जांच की। यहां बड़े पैमाने पर गंदगी मिली। सहायक आयुक्त सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि तीनों हॉस्टल के मेस में गंदगी का अंबार मिला है। बेहद यह गंभीर विषय है। जांच के दौरान आटा, चावल, पनीर, मशरूम समेत पांच खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए।

## गालंद गांव में अवैध कॉलोनी पर जीडीए का अभियान, 45 हजार वर्ग मीटर जमीन मुक्त

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से अवैध तरीके से काटी जा रही कॉलोनियों को ध्वश्त करने की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी के तहत मंगलवार को गांव गालंद में अवैध काटी जा रही कॉलोनी को ध्वश्त किया गया। करीब 45 हजार वर्ग मीटर में अवैध कॉलोनी काटी जा रही थी।

जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर प्रभारी प्रवर्तन जोन-5 के नेतृत्व में गालंद गांव में ध्वश्तीकरण की कार्रवाई की गई। यहां दीपक यादव नामक एक व्यक्ति की ओर से ग्राम-गालन्द जिला-हापुड़ के खसरा संख्या-855, 856, 857, 878 व 877 पर लगभग 45000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अनाधिकृत कालोनी बनाई जा रही थी। इस कॉलोनी में बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माणों को ध्वश्त किया गया। ध्वश्तीकरण की कार्यवाही के समय निर्माणकर्ता की ओर से स्थल पर भारी विरोध किया गया, जिसे प्राधिकरण पुलिस बल ने नियंत्रित किया।

प्रवर्तन जोन-5 के प्रभारी ने बताया कि ध्वश्तीकरण की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। कार्रवाई के समय प्रवर्तन प्रभारी जोन-5, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, समस्त सुपरवाईजर स्टॉफ, प्राधिकरण सुरक्षाकर्मी एवं सम्बन्धित थाना-धौलाना गाजियाबाद का पुलिस बल उपस्थित रहा।

# एक सप्ताह से पानी की किल्लत से जूझ रहे लोग

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

डेल्टा कॉलोनी, कड़कड़ मॉडल, डीएलएफ कॉलोनी और लाजपत नगर समेत कई इलाकों में लोग एक सप्ताह से पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं।

बोतलबंद पानी खरीदकर गुजारा करना पड़ रहा। लोगों ने जल्द समाधान की मांग की। वसुंधरा जोन की करीब छह कॉलोनियों के निवासी पिछले करीब एक सप्ताह से पेयजल के लिए तरस रहे हैं। इसको लेकर रविवार को स्थानीय लोगों ने एकत्रित होकर हाथों में पोस्टर लेकर प्रदर्शन भी किया था।

लोगों ने कहा था कि पानी आता भी है तो इसका टीडीएस दो हजार से अधिक होता है। इसके बावजूद सोमवार को की बृज विहार, रामपुरी, चंद्रनगर, रामप्रस्थ व सूर्य नगर कॉलोनी समेत ट्रांस हिंडन के अन्य कई इलाकों में पेयजल आपूर्ति नहीं हुई।

इससे करीब एक लाख लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासी निरंतर क्षेत्र में सुचारू और पर्याप्त पेयजल की मांग कर रहे। वसुंधरा सेक्टर दो निवासी अनुराग मिश्रा ने बताया कि कई दिन से एक ही समय पानी मिल रहा और वह भी कम प्रेशर से आ रहा। इसकी वजह से पानी के लिए निजी विक्रेताओं पर निर्भर होना पड़ता है। कितनी बार वो भी पानी देने नहीं आते, ऐसे में भारी समस्या का सामना करना पड़ता है।

मोहन नगर जोन में लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा। इन इलाकों में भी समस्या लाजपत नगर निवासी विनोद शर्मा ने बताया कि बीते कुछ दिनों से पानी एक ही समय दिया जा रहा। पानी का प्रेशर इतना कम है कि उसे पाइपलाइन से निकालने के लिए मोटर का इश्तेमाल करना पड़ता है।

इसके अलावा आपूर्ति सिर्फ 20 से 30 मिनट के लिए की जा रही। इसके कारण मोटर लगाने के बावजूद पानी नसीब नहीं हो पाता। राजेंद्र नगर सेक्टर दो निवासी राजपाल सिंह ने बताया कि आपूर्ति के शुरुआती कुछ मिनटों में पानी में बदबू और रेत आता है, जिससे उसका उपयोग पीना तो दूर, सफाई के लिए भी नहीं हो पा रहा है।

साथ ही, कुछ दिन से पानी की आपूर्ति सिर्फ 15 मिनट के लिए ही हो रही है। नाले में उतरकर प्रदर्शन करने की चेतावनी बृज विहार निवासी हेमंत भारद्वाज ने सोमवार को सोशल मीडिया के माध्यम से पेयजल आपूर्ति बहाल न होने पर नाले में उतरकर विभाग के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

उन्होंने कहा कि यदि दो दिन के भीतर जलकल विभाग की ओर से शुद्ध पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वह बृज विहार स्थित नाले में सुबह साढ़े छह बजे उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

जिन भी इलाकों में समस्या है वहां की जांच कराई जाएगी और पेयजल आपूर्ति को सामान्य कराया जाएगा, ताकि लोगों को राहत मिल सके।


# हादसे में तीन कांवड़ियों की मौत के मामले में केस दर्ज

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गांव कादराबाद के पास तीन दिन पूर्व एंबुलेंस की टक्कर से तीन कांवड़ियों की मौत के मामले में सोमवार को केस दर्ज किया गया।

पुलिस एंबुलेंस को कब्जे में ले चुकी है। अब चालक की तलाश कर रही। गत 19 जुलाई को दिल्ली-मेरठ मार्ग पर एंबुलेंस की टक्कर से तीन कांवड़ियों की मौत हो गई थी। एक ही हालत अब भी गंभीर है।

चारों कांवड़यि स्कूटी और बाइक से हरिद्वार गंगाजल लेने जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि एंबुलेंस तेज रफ्तार थी, जिस कारण




हादसा हुआ। मामले में दिल्ली के राजीव कॉलोनी भोपरा थाना शालीमार गार्डन निवासी लाल विहार ने सोमवार रात रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें बताया कि उनका पुत्र अजय दोश्त सचिन के साथ स्कूटी से जा रहा था।

कादराबाद में एंबुलेंस चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। उसी समय बाइक सवार दो कांवड़यि भी एंबुलेंस की चपेट में आ गए।

हादसे में सचिन की मौत हो गई। बाइक सवार सामाविया और रितिक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया था। पीड़ित का कहना है कि पुत्र अजय की हालत गंभीर है। सीओ ज्ञान प्रकाश राय का कहना है कि मामले की जांच चल रही है। जल्द आरोपी चालक को पकड़ा जाएगा।

## कोतवाली में बुजुर्ग की तालाब में डूबने से मौत, शराब के नशे में घर लौटते समय गड्ढे में गिरे, सुबह ग्रामीणों ने देखा शव

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷। कोतवाली देहात क्षेत्र में एक बुजुर्ग की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बागपुर उर्फ मिर्जापुर महेश गांव के रहने वाले 70 वर्षीय घसीटा सिंह के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि घसीटा सिंह शराब का सेवन करके घर लौट रहे थे। इसी दौरान वह गांव के बाहर स्थित पानी भरे गड्ढे में गिर गए। नशे की हालत में वह बाहर नहीं निकल पाए और डूबने से उनकी मौत हो गई। सुबह जब ग्रामीणों ने तालाब में शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।

## चांदपुर के जंगल में तेंदुआ पिंजरे में कैद 5 दिन पहले महिला पर हमला किया था

✷ एनसीआर टुडे. चांदपुर ✷। वन विभाग ने एक तेंदुए को सफलतापूर्वक पकड़ लिया है। यह वही तेंदुआ था जिसने पिलाना गांव में एक महिला पर हमला किया था। तेंदुआ बीती रात वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में फंस गया। घटना 15 जुलाई 2025 की सुबह करीब 9 बजे की है। पिलाना गांव की 57 वर्षीय किश्वरी पत्नी शमशाद जंगल से चारा लेने गई थी। इसी दौरान तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। वन विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में कांबिंग और गश्त शुरू की। उच्चधिकारियों से अनुमति लेकर पिंजरा लगाया गया। 21 जुलाई की शाम करीब 8 बजे तेंदुए को पिंजरे में पकड़ लिया गया। वन विभाग के अनुसार तेंदुआ को सुरक्षित स्थिति में रेस्क्यू किया गया है। उसकी चिकित्सा और सुरक्षा के सभी मानकों का पालन किया जा रहा है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वन क्षेत्रों में सतर्क रहे। आपात स्थिति में तुरंत वन विभाग या प्रशासन को सूचित करें।

## नाबालिक से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार, हथियार बरामद

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷। मंडावली थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी ई-रिक्शा चालक को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। आरोपी अरुण कुमार विजयपुर गांव का रहने वाला है। 28 मई 2025 को पीड़िता नजीबाबाद में कोचिंग जार लिए आरोपी की ई-रिक्शा में सवार हुई थी। आरोपीने बदलने का बहाना बनाकर लड़की को राहतपुर खुर्द वे एक बाग में ले गया। वहां उसने लड़की के साथ दुष्कर किया। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सबलगढ़ की मंडैया के पास नहर किनारे आरोपी को घेरा। आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी के पैर में लगी। घायल आरोपी को गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गय। पुलिस ने आरोपी से 315 बोर का तमंचा और पांच कारतूस बरामद किए। एक सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। एएसपी सिटी संजीव वाजपेई के अनुसार आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यालय में हुआ पौधारोपण

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामलीला बाग, नगीना (बिजनौर) में 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' के अंतर्गत पौधारोपण किया गया और भैया - बहिनों द्वारा कांवड़ यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रदीप कुमार गर्ग (अध्यक्ष, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नगीना), मुख्य अतिथि आशुतोष रामप्यारे जैसवाल (एसडीएम, नगीना), विशिष्ट अतिथि डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी (सी.ओ., नगीना ) एवं जितेंद्र कुमार (प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, नगीना) ने विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया और कांवड़ यात्रा निकालने वाले भैया- बहिनों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ संदीप शर्मा, उपाध्यक्ष एडवोकेट हेमंत कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. बालेश बिश्नोई, हर्ष गोयल, संजीव गुप्ता, डॉ भूपेश चौहान ,मोहित गोयल ने उपस्थित अतिथियों को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने उपस्थित अतिथियों का विद्यालय आगमन पर हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷। कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बिजनौर और धामपुर में किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने खाद, यूरिया, बिजली और पानी की कमी के मुद्दे पर आवाज उठाई। बिजनौर में शहर अध्यक्ष हुमायूँ बेग के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कार्यालय से कलेक्ट्रेट पहुंचे। धामपुर तहसील में जिला अध्यक्ष हेनरीटा के नेतृत्व में प्रदर्शन हुआ। दोनों स्थानों पर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा गया। प्रदेश में खरीफ और धान की बुवाई का समय चल रहा है। किसानों को बिजली की कमी से सिंचाई में परेशानी हो रही है। यूरिया की कमी से खेतों में बुवाई प्रभावित हो रही है। कांग्रेस ने राज्यपाल से मांग की है कि वे प्रदेश सरकार को किसानों को बिजली और यूरिया उपलब्ध कराने के निर्देश दें। प्रदर्शन में किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विनोद तोमर, मुनीश त्यागी, मोहम्मद अकबर, विक्रम सिंह, नजाकत अलवी, मोनू गोयल समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## गरीब बच्चों को मिला तोहफा, समाजसेवी ने स्कूली बच्चों को बांटे बैग

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷। इगलास क्षेत्र में समाजसेवी राहुल चैधरी ने शिक्षा को बढ़ावा देने की पहल की। उन्होंने लालपुर, हरिकरना नगला, भरतपुर और सिमरधरी गांव के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को 300 स्कूल बैग वितरित किए। कार्यक्रम में डीएलएड व बीटीसी संयुक्त प्रशिक्षु संघ के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र चैधरी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर क्षेत्र के ग्रामीण और अभिभावक भी उपस्थित थे। राहुल चैधरी ने कहा कि यह उनके लिए राजनीति नहीं, बल्कि सेवा का कार्य है।

# वन विभाग की टीम पर तस्करों का हमला

**बढ़ापुर में अवैध लकड़ी से भरी गाड़ी जब्त करने गई टीम से अभद्रता, कई लोगों पर केस**

✷ एनसीआर टुडे. बढ़ापुर ✷

बढ़ापुर में वन माफिया की दबंगई सामने आई है। साहूवाला वन रेंज में गश्त कर रही वन विभाग की टीम ने जब अवैध लकड़ी से भरी एक गाड़ी को रोका, तो माफिया ने टीम पर हमला कर दिया।

घटना गांव मदपुरी के पास की है। डिप्टी रेंजर राकेश चंद्र मेंदोला के नेतृत्व मैं वन दरोगा राजू, अजय कुमार, मोहित और वन रक्षक नितिन भाई कपिल गश्त पर थे। टीम ने जंगल की तरफ से आ रही एक गाड़ी को रोका। गाड़ी में प्रतिबंधित खैर की लड़कियां भरी थी।



वन विभाग की टीम को देखते ही आरोपी गाड़ी छोड़कर भाग गए। जब टीम ने गाड़ी को जब्त करने का प्रयास किया, तो गांव मदपुरी के कृपाल सिंह, छिंदर, दीपक, सुखविंदर समेत 15-20 लोग वहां पहुंच गए। आरोपियों द्वारा टीम पर फायरिंग का भी आरोप है और लकड़ी से भरी गाड़ी लेकर फरार हो गए।

डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने बताया कि वन रक्षक की शिकायत पर 10 नामजद और 50-60 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों ने सरकारी कार्य में बाधा डाली और वन कर्मियों को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मारपीट में निर्दोषों को फसाने का आरोप, एसपी से जांच की मांग

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

कोतवाली क्षेत्र खेड़की गांव में हुई मारपीट की घटना में नया मोड़ आया है। मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीण एसपी कार्यालय पहुंचे।

उन्होंने आरोप लगाया कि वाश्तविक दोषियों की जगह तीन निर्दोष ग्रामीणों को झूठे मुकदमे में फंसाया गया है। ग्रामीणों ने एसपी को लिखित शिकायत सौंपी। उनका कहना है कि मारपीट की घटना में जिन लोगों को आरोपी बनाया गया है, उनका इस घटना से कोई संबंध नहीं है। चुनावी रंजिश और निजी दुश्मनी के कारण उन्हें निशाना बनाया जा रहा है।

निर्दोष लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि विपक्षी पक्ष प्रभावशाली है। वह अपनी पहुंच का दुरुपयोग कर रहा है। झूठा मुकदमा दर्ज करवाकर निर्दोष लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि पुलिस घटना के समय के सीसीटीवी फुटेज की जांच करे।

साथ ही गवाहों की गवाही के आधार पर निर्दोष लोगों के नाम मुकदमे से हटाए जाएं। इस मौके पर नासिर, अकील, नाजिम, फयाजुद्दीन, आदिल, आरिफ, एजाज समेत कई लोग मौजूद रहे। अधिकारियों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# झालू को मिला रोडवेज बस अड्डे के निर्माण का तोहफा

**चेयरमैन ने शासन एवं प्रशासन का जताया आभार**

✷ एनसीआर टुडे. झालू ✷

नगर पंचायत झालू के जनप्रिय युवा विकास पुरूष चेयरमैन लोकेनदर चोधरी के अथक प्रयासों से आखिर नगर तथा ग्रमीण इलाके की जनता को रोड्वेज बस अड्डे के निर्माण सहित यातायात की बडी सुविधा मिलने का राश्ता अब साफ हो गया है।

जनपद की लोकप्रिय जिलाधिकारी ने रोड्वेज बस अड्डे के निर्माण को नगर के रेलवे स्टेशन चौराहे पर पड़ी घाटा संख्या 1035 मे0 ;1530वर्ग मीटर भूमि निशुल्क दिए जाने के आदेश कर प्रदेश सरकार को अपनी सहमति पत्र के माध्यम से दे दी है।

शासनादेश है जिसमें उत्तर प्रदेश शासन द्वारा परगना दारानगर, तहसील व जिला बिजनौर की नगर पंचायत झालू में बस स्टेशन की स्थापना के लिए भूमि पुनर्ग्रहीत की जा रही है। इस भूमि को परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के निवर्तन पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

इस कड़ी में यह भूमि भूमि बस स्टेशन झाल की स्थापना के लिए परिवहन विभाग को उपलब्ध कराई जा रही है उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता



संशोधन अध्यादेश2015के अनुसार भूमि का।प्रबन्धन और नियन्त्रण अब परिवहन विभाग का होगा।

नगर पंचायत झालू के जनपिय युवा विकास पुरूष चेयरमैन लोकेनदर चोधरी ने चुनाव के दोरान बस अड्डे का वादा किया था। चेयरमैन लोकेनदर चोधरी ने जिलाधिकारी सहित शासन एव प्रशासन का दिल की गहराइयों से आभार वयक्त किया है। बताते चले कि बीते दिनों नगर विकास मंत्री शर्मा ने नगर पंचायत झालू के कार्यालय में चेयरमैन लोकेनदर चोधरी के कार्यो की जमकर तारीफ भी की थी। साथ ही नगर के विकास कार्य में हर सम्भव सहयोग का भरोसा भी दिलाया था।

# जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति तथा वाटर शेड सेल कम डाटा सेंटर समिति की बैठक विकास भवन सभागार में हुई आयोजित

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

जिला पंचायत अध्यक्ष सकेंद्र प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में आज पूर्वाह्न 11:30 बजे विकास भवन सभागार में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति तथा वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर डब्ल्यू.सी.डी.सी. (WCDC) समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में भूमि संरक्षण अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने उपस्थित सभी को भूमि संरक्षण इकाई में संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास (तालाब योजना) योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना एवं जलागम विकास घटक- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना- 2.0 के संबंध में विश्तृत जानकारी दी।




राष्ट्रीय कृषि विकास के तालाब योजना के बारे में उन्होंने बताया कि इस बार जनपद का 54 तलाबों का लक्ष्य शासन द्वारा स्वीकृत किया गया है, इच्छुक लाभार्थी कृषक पोर्टल पर बुकिंग करते हुए तालाब योजना का लाभ उठा सकते हैं, पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत माननीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्राप्त प्रश्ताव के आधार पर परियोजनाओं का चयन किया गया है।

उन्होंने जलागम विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत कृषकों की सहभागिता को अधिक से अधिक प्राप्त करते हुए जल संचय, मृदा संरक्षण, फसलों उत्पादन, बागवानी, जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए नैडेफ, वर्मी कंपोस्ट, कृषि यंत्रीकरण आदि के लाभार्थियों को अधिक से अधिक लाभ दिए जाने के बारे में दिशा निर्देश दिए गए।

माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सकेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किसानों को उक्त योजनाओं में अधिक से अधिक लाभ दिए जाने हेतु लाभार्थी कृषकों को समय अनुसार बीज आदि की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक घनश्याम वर्मा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आलोक वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी आर्यन सिंह, लीड बैंक मैनेजर अखिल सिंह, जिला पंचायत सदस्य किरतपुर संजीव मलिक, ब्लॉक प्रमुख नहटोर राकेश सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र से डॉक्टर के के सिंह आदि अन्य विभागों के अधिकारी गण एवं भूमि संरक्षण कार्यालय के समश्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना मे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

✷ एनसीआर टुडे. बढ़ापुर ✷

नगर की हल्दौर रोड पर हुई सड़क दुर्घटना मे बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक टैंकर को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना मे घायल हुए युवक को उपचार हेतु सीएचसी भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम जमालपुर निवासी रोहित आयु 19 वर्ष गाँव खेड़की निवासी अपनी बुआ के यहा सिंदारा देने गया था। इसी दौरान उसे अपने परिवार का दीपक पुत्र कल्लू सिंह मिल गया था। शाम लगभग साढ़े 4 बजे ये दोनो बाइक द्वारा अपने गाँव जमालपुर वापस जा रहे थे। इसी दौरान हल्दौर रोड स्थित वन विभाग चौकी से कुछ पहले हुई दुर्घटना मे बाइक चला रहा रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यशदर्शियो के अनुसार नहटौर की ओर से आयी एक तेज रफ्तार अपाचे बाइक की चपेट मे आकर रोहित ने अपनी बाइक से नियंत्रण खो दिया और गिर गया।

इसी दौरान पीछे से आ रहे एक ट्रक के पहिये के नीचे आकर उसके हाथ का पंजा कुचल गया। हादसे के बाद अपाचे बाइक सवार व टैंकर चालक टैंकर को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल रोहित के साथी दीपक से आवश्यक जानकारी करने के साथ ही अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। गंभीर रूप से घायल रोहित को उपचार हेतु सीएचसी भेजा गया है। जहा से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

# भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के कार्यकर्ताओं ने 6 सूत्री ज्ञापन तहसीलदार को सौपा



✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷

भारतीय किसान यूनियन राजनीति के दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मंगलवार की दोपहर को एसडीएम कंपाउंड में इकट्ठा हुए जहां उन्होंने किसान और संबंधी 6 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार आशीष सक्सेना को सोपा।

ज्ञापन में खतौनी में अलग अलग तरीके से नाम बढ़कर रिश्तेदार ऑन की संख्या अवैध रूप से बढ़ा दी गई है ।जिससे सही अंश धारकों की जमीन कम हो गई है। इससे लेखपालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

खतौनी मै से फर्जी तरीके से बिना लोन जमा किए हटा दिया गया और उसे विक्रय कर दी गई है। जो अवैध है। लेखपालों द्वारा कम आय एवं जाति प्रमाण पत्रो की रिपोर्ट लगाने में देरी करने वालों के विरुद्ध करवाई।

समेत 6 सूत्र ज्ञापन सोप कर तहसीलदार से उन सभी मांगो को पूरा करने की मांग की। जिस पर तहसीलदार ने आशीष सक्सेना ने सभी मांगो पर विचार कर पूरा किए जाने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन पर ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश काकरान, नामेंद्र चौधरी, नगर अध्यक्ष कुंवर हर्षवर्धन सिंह, पंचायत अध्यक्ष सर्वेंदु चौहान, गिरिराज सिंह, महिपाल सिंह, भजन सिंह, हाजी मुन्ना, सरताज, पूरन सिंह, आदि किसानो मौजूद रहे।

## एएमयू के शोधार्थी ने गोल्डस्मिथ कॉन्फ्रेंस 2025 में शोध कार्य प्रस्तुत किया

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग में प्रो. एस. ए. राशिद के निर्देशन में पीएच.डी. कर रहे शोधार्थी मुख्तार हसन अहमद ने हाल ही में चेक गणराज्य के प्राग शहर में आयोजित प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय गोल्डस्मिथ कॉन्फ्रेंस 2025 में भाग लिया।

अहमद ने "उत्तर-पश्चिमी हिमालयी झील क्षेत्र (कश्मीर घाटी, भारत) में रासायनिक अपक्षय और जलवायु प्रेरित कार्बन संग्रहण की संभावना" विषय पर एक शोध पोस्टर प्रश्तुत किया। उनका शोध इस संवेदनशील पारिस्थितिक क्षेत्र में जलवायु, रासायनिक अपक्षय और कार्बन संग्रहण के आपसी संबंधों पर आधारित था। उन्हें 'अर्ली करियर गोल्डस्मिथ कॉन्फ्रेंस ग्रांट' प्रदान किया गया, जो एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय अनुदान है। इस मंच के माध्यम से उन्हें प्रमुख भू-रसायनज्ञों से संवाद करने, अन्य शोधार्थियों के साथ सहयोग करने और विशेषज्ञों से प्रतिक्रिया प्राप्त करने का अवसर मिला।

भूविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. राशिद उमर ने मुख्तार हसन अहमद को अंतरराष्ट्रीय मंच पर एएमयू का प्रतिनिधित्व करने और अपने शोध कार्य को प्रश्तुत करने पर बधाई दी।

# पचास हजार का इनामी बदमाश को पुलिस ने दबोचा

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

थाना अकराबाद क्षेत्र में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक 50 हजार के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को आरोपी की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस और क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग की टीम नानऊ नहर पटरी के पास नाकाबंदी करके संदिग्धों की तलाश कर रही थी।

चांदगढ़ी जाने वाले राश्ते पर पुलिस को देर रात लगभग 1..30 बजे एक संदिग्ध बाइक आती हुई नजर आई। जब पुलिस ने बाइक को रोकने की कोशिश की। तो आरोपी उसे लेकर उल्टी दिशा में भागने लगा।

अंधेरा होने के कारण वह फिसलकर गिरा। पुलिस ने जब पास जाने की कोशिश की तो आरोपी ने गोली चला दी। जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में आरोपी घायल हुआ है।

आरोपी के घायल होने के बाद पुलिस के सामने उसने आत्मसमर्पण कर दिया। जब पुलिस टीम उसके नजदीक पहुंची तो उसने अपना नाम आनंद पुत्र प्रह्लाद निवासी थाना कोतवाली जिला औरैया बताया। घायल से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह फरार अपराधी है। जांच में पता चला कि आरोपी के ऊपर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित है।

बीते दिनों आरोपी ने मऊ जिले में सोने और चांदी की बड़ी चोरी की थी



और फरार हो गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मऊ में टीमें बनाई गई थी और डीआईजी आजमगढ़ ने उसके ऊपर इनाम भी घोषित किया था। अब उसे अलीगढ़ में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगालने पर पता चला है कि वह पेशेवर अपराधी है।

उसके खिलाफ चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट छिनैती जैसे आधा दर्जन से ज्यादा नामजद मुकदमा दर्ज हैं। आरोपी के खिलाफ राजस्थान के धौलपुर में 1, कानपुर देहात के थाना डेरापुर में 3, फतेहपुर के थाना जहानाबाद में दो और मऊ के थाना रानीगंज और घोषी में 1-1 मुकदमा दर्ज है। अब आरोपी के खिलाफ अकराबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बीते दिनों उसने अपने साथियों के साथ मिलकर मऊ में सोने और चांदी की बड़ी चोरी की थी। इसमें उसके दो साथियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है, लेकिन वह फरार चल रहा था। पुलिस ने बचने के लिए वह अलग-अलग जिलों में फरारी काट रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से दिल्ली नंबर की एक बाइक बरामद की है। इसके साथ ही एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, तीन खोखे और अन्य चीजें बरामद की गई हैं।

सीओ बरला गर्वित सिंह ने बताया कि अकराबाद थाना प्रभारी डीके सिसोदिया के नेतृत्व में थाना पुलिस और क्रिमिनल इंटेलिजेंस विंग की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को इलाज के लिए मलखान सिंह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से उसे प्राथमिक उपचार देने के बाद जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इलाज के बाद उसे कोर्ट में पेश करके जेल भेजा जाएगा।

# निर्माण कार्यों में रूचि न लेने पर बीडीओ के वेतन पर रोक

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में बेसिक एवं समग्र शिक्षा से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा एवं जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने दो टूक कहा कि "एक भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहने पाए।" उन्होंने समश्त अधिकारियों से समन्वय कर लक्ष्य आधारित कार्य करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को बच्चों के हित को सर्वोपरि रखते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु सजगता और संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में कश्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों में 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, उन्हें 15 अगशत तक हर हाल में पूरा किया जाए।



डीएम ने कहा कि निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम के तहत प्रवेश से वंचित बच्चों के संबंध में निजी विद्यालयों को नोटिस जारी करते हुए विधिक कार्यवाही की जाए। बीएसए द्वारा जानकारी दी गई कि गत वर्ष 3200 बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश दिलाया गया था।

नामांकन की स्थिति में सुधार हुआ है, परंतु और प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि चालू सत्र के दौरान आरटीई के तहत अब तक 3618 नये विद्यार्थियों को निजी विद्यालयों में प्रवेश दिलाया गया है।

नवीन नामांकन एवं प्रेरणा पोर्टल पर पंजीकरण के संबंध में बताया गया कि अब तक 192643 का पंजीकरण किया गया है, जो विगत वर्ष के सापेक्ष 94.2 है। डीएम ने खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहने पाए।

समर्थ ऐप पर दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति की समीक्षा के दौरान गोंडा, इगलास, बिजौली और चंडौस की प्रगति असंतोषजनक पाई गई।

बीएसए ने बताया कि विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों के लिए मेडिकल असेसमेंट कैम्प आयोजन के सबंध में सीएमओ को पत्र भेजा गया है।

निपुण मिशन के अंतर्गत अभी भी 17 एआरपी का चयन लंबित है। डीएम ने खंड शिक्षा अधिकारियों को चेतावनी दी कि चयन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। नवीन विद्यालय भवनों के निर्माण में जलभराव की समस्या से बचाव को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

खण्ड विकास अधिकारी गोंडा का वेतन रोके जाने की कार्यवाही करते हुए डीएम ने व्यक्तिगत रुचि लेकर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने को कहा। विद्यालयों के विलय के बाद बाल वाटिकाओं के प्रभावी संचालन और नवाचार को प्राथमिकता देने के निर्देश डीपीओ को दिए गए। डीएम ने कहा कि निपुण भारत मिशन टीम को और अधिक सक्रिय एवं परिणामोन्मुख कार्य करना होगा।

सीएमओ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट में सामने आया कि बिजौली और शाहजमाल क्षेत्रों के कई स्कूली बच्चों के स्टूल सैंपल में कृमि के अंडे पाए गए।

इस पर सीएमओ ने सुझाव दिया कि डिवर्मिंग डे पर एल्बेंडाजोल की गोलियां विशेष सतर्कता के साथ दी जाएं। साथ ही गांवों में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने में शिक्षकों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाए।

नवीन शैक्षिक सत्र में डीबीटी की तैयारियों के संबंध में निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द आधार ऑथेंटिकेशन का कार्य पूर्ण किया जाए।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर को

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवाश्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 13 सितम्बर शनिवार को जिला मुख्यालय एवं बाह्य स्थित न्यायालयों सहित ही तहसील श्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों एवं विभागों में लंबित फौजदारी के शमनीय वाद, धारा 138 एनआई एक्ट, धन वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम, विद्युत, जलकर, पारिवारिक, वैवाहिक, भूमि अर्जन अधिनिन्न, सेवा सम्बन्धी, राजस्व एवं दीवानी वाद एवं अन्य प्रकृति के मामले तथा प्री-लिटिगेशन के मामले जो न्यायालय में लंबित न हो आदि का निश्तारण आपसी सुलह समझौते व सहमति के आधार पर किया जाएगा।

प्राधिकरण सचिव नितिन श्रीवाश्तव ने बताया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए 23 जुलाई को अपरान्ह 03:30 बजे आवश्यक समन्वय बैठक आहुत की गई है।

# संपादकीय

## एआई और विकसित होती आधुनिक शिक्षा

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने न केवल तकनीकी क्षेत्र में, बल्कि आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व परिवर्तन लाए हैं। जैसे-जैसे तकनीकी प्रगति होती जा रही है, वैसे-वैसे एआई शिक्षा में नए आयाम जोड़ता जा रहा है। एआई का उपयोग आज पारंपरिक शिक्षण विधियों से हटकर, छात्रों की सीखने की प्रक्रिया को और अधिक सुलभ, प्रभावी और व्यक्तिगत बनाने में सहायक सिद्ध हो रहा है। अब यह न केवल छात्रों के लिए एक नई दिशा के द्वार खोल रहा है, बल्कि शिक्षकों के लिए भी कार्यक्षमता और दक्षता बढ़ाने का एक साधन बन चुका है।

अनादिकाल से ही शिक्षा का उद्देश्य छात्रों को पाठ्यक्रम पढ़ाना भर नहीं रहा है, बल्कि उन्हें जीवन के विभिन्न पहलुओं के लिए तैयार करना भी है। इसके लिए जरूरी है कि शिक्षा प्रणाली लचीली, समावेशी और छात्रों के व्यक्तिगत श्तर पर ध्यान देने वाली हो। एआई की मदद से इस लक्ष्य को हासिल करना अब और भी संभव हो गया है। कालांतर में शिक्षा जगत में एआई आधारित उपकरण और सिस्टम छात्रों के सीखने के अनुभव को बेहतर बना सकते हैं और उन्हें एक नई, प्रभावी और रोचक दिशा में मार्गदर्शन कर सकते हैं। यह संभव ही नहीं, प्रत्यक्ष दिख रहा है।

आज एआई का सबसे बड़ा योगदान यह है कि यह व्यक्तिगत शिक्षण को सक्षम बनाता है। सर्वमान्य शैक्षिक नियम है कि हर छात्र का सीखने का तरीका और गति अलग होती है, और एआई इसी विविधता को गहरे से समझकर छात्रों के लिए अनुकूलित शैक्षिक वातावरण निर्मित करने में सहायक है। उदाहरण के लिए, एआई का उपयोग छात्रों की जरूरतों के आधार पर अनुकूलित पाठ्यक्रम, एसाइनमेंट और परीक्षा प्रदान करने में किया जा सकता है। यही नहीं, एआई आधारित टूल्स छात्रों की क्षमताओं और कमजोरियों का विश्लेषण करते हुए, उन्हें उनके कमजोर क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के लिए सुझाव देते हैं।

इस प्रकार, एआई प्रत्येक छात्र के लिए एक व्यक्तिगत शिक्षण अनुभव बना सकता है, जो उसकी आवश्यकताओं के अनुरूप हो। इसके अलावा एआई के द्वारा छात्रों को स्वचालित ट्यूटरिंग की सुविधा मिलती है। कई एआई प्लेटफॉर्म छात्रों को 24/7 सहायता प्रदान करते हैं, जिससे उन्हें अपनी किसी भी शैक्षिक शंका का समाधान तुरंत मिल जाता है।

एआई चालित चैटबोट्स छात्रों के सवालों का उत्तर देने, पाठ्यक्रम से संबंधित सामग्री समझाने और उनकी प्रगति पर नजर रखने का काम करते हैं। इस तरह, विद्यार्थियों को किसी भी समय मार्गदर्शन प्राप्त होता है, जिससे उनके सीखने की प्रक्रिया में निरंतरता-गतिशीलता बनी रहती है। एआई की मदद से वर्तमान शिक्षा की मूल्यांकन प्रक्रिया में भी बदलाव आया है।

पारंपरिक तरीके से परीक्षा लेने और उसे मैन्युअली ग्रेड करने की तुलना में एआई आधारित प्रणाली बहुत तेजी और सटीक रूप से मूल्यांकन कर सकती है। एआई का उपयोग कागजी उत्तर पुश्तिकाओं के बजाय डिजिटल परीक्षा पत्रों का मूल्यांकन करने में किया जा सकता है। इससे न केवल समय की बचत होती है, अपितु छात्रों की प्रगति को भी आसानी से ट्रैक किया जा सकता है। एआई छात्रों के उत्तरों का स्वचालित मूल्यांकन करता है और उनके प्रदर्शन के बारे में विश्तृत रिपोर्ट तैयार करता है जो शिक्षकों को छात्रों की सटीक प्रगति समझने में मदद करती है। शिक्षकों के लिए एआई शिक्षा में एक सहायक भूमिका निभाता है।

शिक्षकों के पास विद्यार्थियों के व्यक्तिगत विकास की दिशा में ध्यान देने के लिए बहुत सीमित समय होता है, क्योंकि उन्हें प्रशासनिक कार्यों और अन्य जिम्मेदारियों का भी सामना करना पड़ता है। एआई का उपयोग शिक्षकों को इन कार्यों से मुक्त कर सकता है। उदाहरण के लिए, छात्र की उपस्थिति, ग्रेडिंग और रिपोर्ट जनरेशन जैसी प्रक्रिया को एआई द्वारा स्वचालित किया जा सकता है, जिससे शिक्षक अपना कीमती समय छात्रों के साथ संवाद और व्यक्तिगत मार्गदर्शन देने में व्यतीत कर सकते हैं। यही नहीं, आज स्मार्ट क्लासरूम्स का विचार भी एआई की मदद से साकार हो रहा है।

एआई आधारित तकनीकों का उपयोग क्लासरूम के वातावरण को अनुकूलित करने में किया जा सकता है। उदाहरण के लिए क्लासरूम में शोर, तापमान और अन्य कारकों को नियंत्रित करने के लिए एआई का इश्तेमाल किया जा सकता है, ताकि छात्रों को एक आरामदायक और ध्यान केंद्रित वातावरण मिल सके। इसके अलावा, वीडियो, वर्चुअल रियलिटी (वीआर) और ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) जैसी तकनीकों का उपयोग करके शिक्षा को और अधिक आकर्षक और इंटरएक्टिव बनाया जा सकता है। एआई इन सभी तकनीकों का सही तरीके से उपयोग कर, छात्रों को एक गहन, मोहक और अनुभवात्मक शिक्षण अनुभव प्रदान करता है। एआई का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह शिक्षा को और अधिक समावेशी बनाता है।

विशेष रूप से विकलांग छात्रों के लिए एआई आधारित तकनीकें अत्यधिक सहायक साबित हो सकती हैं। आज जैसे-जैसे कार्य स्थल पर तकनीकी क्षमताओं की मांग बढ़ी है, इसे देखते हुए एआई का इश्तेमाल छात्रों को इन कौशलों में दक्ष बनाने के लिए किया जा सकता है। एआई के माध्यम से छात्रों को उभरते हुए क्षेत्रों, जैसे डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स के बारे में ज्ञान दिया जा सकता है, जो भविष्य में उनके करियर के लिए सहायक साबित होगा।

हालांकि, एआई के उपयोग के साथ कुछ चुनौतियां भी जुड़ी हैं। एक बड़ी चुनौती यह है कि एआई के माध्यम से शिक्षा का लाभ केवल उन छात्रों तक सीमित हो सकता है, जो तकनीकी रूप से सक्षम हैं, जिनके पास उच्च गुणवत्ता वाली तकनीकी सुविधाएं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों और विकासशील देशों में जहां इंटरनेट और स्मार्टफोन की पहुंच सीमित है, वहां एआई आधारित शिक्षा का प्रभाव कम हो सकता है। एआई द्वारा छात्रों की निगरानी और डेटा संग्रहण से गोपनीयता के मुद्दे भी उत्पन्न हो सकते हैं। छात्रों के व्यक्तिगत डेटा का सुरक्षित और उचित तरीके से उपयोग करना जरूरी है। ऐसे में एआई को केवल सहायक उपकरण के रूप में देखना होगा, न कि शिक्षक के रूप में। शिक्षक की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है और रहेगी भी, क्योंकि एआई के पास मानवीय समझ और भावनाओं की कमी है। एक अच्छा शिक्षक न केवल पाठ्य सामग्री सिखाता है, बल्कि छात्रों को मानसिक और भावनात्मक रूप से भी विकसित करता है। एआई केवल एक साधन है जो इस प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बना सकता है।

# भारत के यूपीआई ने अमेरिका के वीजा को पछाड़ा

**प्रहलाद सबनानी**

हाल ही के समय में भारत, विभिन्न क्षेत्रों में, अंतरराष्ट्रीय श्तर पर नित नए रिकार्ड बना रहा है। कुछ क्षेत्रों में तो अब भारत पूरे विश्व का नेतृत्व करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत ने बैंकिंग व्यवहारों के मामले में तो जैसे क्रांति ही ला दी है।

अभी हाल ही में आर्थिक क्षेत्र में बैंकिंग व्यवहारों के मामले में भारत के यूनफाईड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) ने अमेरिका के 67 वर्ष पुराने वीजा एवं मास्टर कार्ड के पेमेंट सिस्टम को प्रतिदिन होने वाले आर्थिक व्यवहारों की संख्या के मामले में वैश्विक श्तर पर पीछे छोड़ दिया है। वैश्विक श्तर पर अब भारत विश्व का सबसे बड़ा रियल टाइम पेमेंट नेटवर्क बन गया है। भारत में वर्ष 2016 के पहिले ऑनलाइन पेमेंट का मतलब होता था केवल वीजा और मास्टर कार्ड। वीजा और मास्टर कार्ड को चलाने वाली अमेरिका की ये दोनों कंपनिया पूरी दुनिया में ऑनलाइन पेमेंट का एकाधिकार रखती थीं। वीजा की शुरुआत, अमेरिका में वर्ष 1958 में हुई थी और धीमे धीमे यह कंपनी 200 से अधिक देशों में फैल गई और ऑनलाइन भुगतान के मामले में पूरे विश्व पर अपना एकाधिकार जमा लिया।

वैश्विक श्तर पर इस कम्पनी को चुनौती देने के उद्देश्य से भारत ने वर्ष 2016 में अपना पेमेंट सिस्टम, यूपीआई के रूप में, विकसित किया और वर्ष 2025 आते आते भारत का यूपीआई सिस्टम आज पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ गया है। यूपीआई पेमेंट सिस्टम के माध्यम से ओनलाइन बैंकिंग व्यवहार चुटकी बजाते ही हो जाते है।

आज सब्जी वाले, चाय वाले, सहायता प्राप्त करने वाले नागरिक एवं छोटी छोटी राशि के आर्थिक व्यवहार करने वाले नागरिकों के लिए यूपीआई सिस्टम ने ऑनलाइन बैंकिंग व्यवहार करने को बहुत आसान बना दिया है। आज भारत के यूपीआई सिस्टम के माध्यम से प्रतिदिन 65 करोड़ से अधिक व्यवहार (1800 करोड़ से अधिक व्यवहार प्रति माह) हो रहे हैं जबकि अंतरराष्ट्रीय श्तर पर वीजा कार्ड से माध्यम से प्रतिदिन 63.9 करोड़ व्यवहार हो रहे हैं। इस प्रकार, भारत के यूपीआई ने दैनिक व्यवहारों के मामले में 67 वर्ष पुराने अमेरिका के वीजा को पीछे छोड़ दिया है।

भारत में केंद्र सरकार की यह सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है। भारत अब इस मामले में पूरी दुनिया का लीडर बन गया है। भारत ने यह उपलब्धि केवल 9 वर्षों में ही प्राप्त की है। विश्व बैंक एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी भारत के यूपीआई सिस्टम की अत्यधिक प्रशंसा करते हुए कहा है कि यह नई तकनीकी का चमत्कार है एवं यह सिस्टम अत्यधिक प्रभावशाली है। भारत का यूपीआई सिस्टम भारत को वैश्विक बैंकिंग नक्शे पर एक बहुत बड़ी शक्ति बना सकता है।

भारत में यूपीआई की सफलता की नींव दरअसल केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई कई आर्थिक योजनाओं के माध्यम से पड़ी है। समश्त नागरिकों के आधार कार्ड बनाने के पश्चात जब आधार कार्ड को नागरिकों के बैंक खातों से जोड़ा गया और केंद्र सरकार द्वारा देश के गरीब वर्ग की सहायता के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सहायता राशि को सीधे ही नागरिकों के बैंक खातों में जमा किया जाने लगा तब एक सुदृढ्ढ पेमेंट सिस्टम की आवश्यकता महसूस हुई और ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम के रूप में यूपीआई का जन्म वर्ष 2016 में हुआ।




यूपीआई को आधार कार्ड एवं प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत बैंकों में खोले गए खातों से जोड़ दिया गया। नागरिकों के मोबाइल क्रमांक और आधार कार्ड को बैंक खातों से जोड़कर यूपीआई सिस्टम के माध्यम से आर्थिक एवं लेन-देन व्यवहारों को आसान बना दिया गया। भारत में आज लगभग 80 प्रतिशत युवा एवं बुजुर्ग जनसंख्या का विभिन्न बैंकों के खाता खोला जा चुका है। यूपीआई के माध्यम से केवल कुछ ही मिनटों में एक बैंक खाते से दूसरे बैंक खाते में राशि का अंतरण किया जा सकता है। ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम के रूप में यूपीआई के आने के बाद तो अब भारत के नागरिक एटीएम कार्ड, डेबिट कार्ड एवं क्रेडिट कार्ड को भी भूलने लगे हैं।

भारत से बाहर अन्य देशों में रहने वाले भारतीय मूल के नागरिक भी अपनी बचत को यूपीआई के माध्यम से अपने परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में ऑनलाइन राशि का अंतरण चंद मिनटों में कर सकते हैं।

पूर्व में, बैंकिंग चेनल के माध्यम से एक देश के बैंक खाते से दूसरे देश के बैंक खाते में राशि का अंतरण करने में 2 से 3 दिन का समय लग जाता था तथा विदेशी बैकों द्वारा इस प्रकार के अंतरण राशि पर खर्च भी वसूला जाता है। अब यूपीआई के माध्यम से कुछ ही मिनटों में राशि एक देश के बैंक खाते से दूसरे देश के बैंक खाते में अंतरित हो जाती है।

इससे भारतीय रुपए का अंतरराष्ट्रीयकरण भी हो रहा है। विश्व के अन्य देशों में पढ़ाई के लिए गए छात्रों को अपने खर्च चलाने एवं विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में फीस की राशि यूपीआई सिस्टम से जमा कराने में बहुत आसानी होगी। जिस भी देश में भारतीय मूल में नागरिकों की संख्या अधिक है उन देशों में भारत के यूपीआई सिस्टम को लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। आज 13,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि इन देशों में निवास कर रहे भारतीय मूल के नागरिकों द्वारा प्रतिवर्ष भारत में भेजी जा रही हैं। वैश्विक श्तर पर भारत के यूपीआइ सिस्टम की स्वीकार्यता बढ़ने से अमेरिकी डॉलर पर भारत की निर्भरता भी कम होगी, इससे भारतीय रुपए की मांग अंतरराष्ट्रीय श्तर पर बढ़ेगी और डीडोलराईजेशन की प्रक्रिया तेज होगी।

भारत ने यूपीआई के प्रतिदिन होने वाले व्यवहारों की संख्या के मामले में आज अमेरिका, चीन एवं पूरे यूरोप को पीछे छोड़ दिया है। वर्तमान में भारत के यूपीआई सिस्टम का विश्व के 7 देशों यथा यूनाइटेड अरब अमीरात, फ्रान्स, ओमान, मारीशस, श्रीलंका, भूटान एवं नेपाल में उपयोग हो रहा है।

इन देशों में रहने वाले भारतीय मूल के नागरिक यूपीआई के माध्यम से सीधे ही भारत के साथ आर्थिक व्यवहार कर रहे हैं। दक्षिणपूर्वीय देशों यथा मलेशिया, थाइलैंड, फिलिपींस, वियतमान, सिंगापुर, कम्बोडिया, दक्षिण कोरिया, जापान, ताईवान एवं हांगकांग आदि भी भारत के यूपीआई सिस्टम के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयास कर रहे हैं।

यूनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया एवं यूरोपीयन देशों ने भी भारत के यूपीआई सिस्टम को अपने देश में लागू करने की इच्छा जताई है। हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की साइप्रस एवं नामीबिया यात्रा के दौरान इन दोनों देशों ने भारत के यूपीआई सिस्टम को अपने देश में शुरू करने के लिए भारत से निवेदन किया है।

पूरे विश्व में अब कई देशों का विश्वास भारत के यूपीआई सिस्टम पर बढ़ रहा है और यदि ये देश भारत के यूपीआई सिस्टम को अपने देश में लागू कर देते हैं तो इससे भारत में विदेशी निवेश की राशि में भी तेज गति से वृद्धि होने की सम्भावना बढ़ जाएगी।

# शिव रात्रि पर, हुड़दंग से नही सच्ची शिवभक्ति से होगा कल्याण!

**डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

सावन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर शिवरात्रि मनाई जाती है। यह दिन भगवान शिव की भव्य पूजा को समर्पित है। इस दिन महादेव केवल जल चढ़ाने से प्रसन्न होते हैं। सावन शिवरात्रि पर उपवास रखना और भी शुभ होता है। इसके प्रभाव से साधक को धन लाभ, सुख-समृद्धि और यश-कीर्ति की प्राप्ति होती हैं। सावन की शिवरात्रि को शिव-पार्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक माना जाता है। यही कारण है कि इस दिन की गई उपासना से प्रेम जीवन सुखमय और मनचाहा वर पाने की कामना पूर्ण होती हैं। इस साल 23 जुलाई को सावन शिवरात्रि है। इस बार शिवरात्रि पर भद्रा का साया बना हुआ है।

सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 23 जुलाई, प्रातः 04:39 मिनट पर आरंभ होकर 24 जुलाई, देर रात 02:28 मिनट पर समाप्त होगी। इसलिए 23 जुलाई को ही शिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। पंचांग के अनुसार सावन शिवरात्रि पर भद्रा सुबह 05 बजकर 37 मिनट से दोपहर 03 बजकर 31 मिनट तक रहेगी। वाश्तव में परम-आत्मा का नाम ही शिव है, जिसका संस्कृत अर्थ है सदा कल्याणकारी, अर्थात वो जो सभी का कल्याण करता है। शिवरात्रि व शिवजयन्ती भारत में द्वापर युग से मनाई जाती है। यह दिन हम ईश्वर के इस धरा पर अवतरण के समय की याद में मनाते हैं। शिव के अलावा ओर किसी को भी हम परम-आत्मा नहीं कहते। शिव के साथ रात शब्द इसलिए जुड़ा है क्योकि वो अज्ञान की अँधेरी रत में इस सृष्टि पर आते हैं। जब सारा संसार, मनुष्य मात्र अज्ञान रात्रि में, अर्थात माया के वश हो जाता है, जब सभी आत्माएं 5 विकारो के प्रभाव से पतित हो जाती हैं, जब पवित्रता और शान्ति का सत्य धर्म व स्वम् की आत्मिक सत्य पहचान हम भूल जाते है। सिर्फ ऐसे समय पर, हमे जगाने, समश्त मानवता के उत्थान व सम्पूर्ण विश्व में फिर से शान्ति, पवित्रता और प्रेम का सत-धर्म स्थापित करने परमात्मा एक साधारण शरीर में प्रवेश करते हैं। भगवत गीता में यह श्लोक है जो इसे दर्शाता है:

**यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भव- ति भारत।**
**अभ्युत्थान- मधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्- ॥4-7॥**
**परित्राणाय- साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्- ।**
**धर्मसंस्था- पनार्थाय सम्भवामि युगे युगे ॥4-8॥**

परमात्मा पिता का हम बच्चों से यह वायदा है कि जब-जब धर्म की अति ग्लानि होंगी, सृष्टि पर पाप व अन्याय बढ़ जायेगा है... तब वे इस धरा पर अवतरित होंगे... अब हमने जाना है की वो एक साधारण मनुष्य तन का आधार लें, हमें सत्य ज्ञान सुनाकर, सद्गति का राश्ता दिखा, दुःखों से मुक्त कर रहे हैं। यह गायन वर्तमान समय का ही है, जबकि कलियुग के अन्त और नई सृष्टि सतयुग के संगम पर, स्वयं परमात्मा अपने वायदे अनुसार इस धरा पर अवतरित हो चुके हैं, तथा इस दुःखमय संसार (नर्क) को सुखमय संसार (स्वर्ग) में परिवर्तन करने का महान कार्य गुप्त रूप में करा रहे हैं।

महाशिवरात्रि के साथ जुड़े हुए आध्यात्मिक महत्व को समझने का ये सबसे अच्छा अवसर है। शिव-लिंग परमात्मा शिव के ज्योति रूप को दर्शाता है। परमात्मा का कोई मनुष्य रूप नहीं है और ना ही उसके पास कोई शारीरिक आकार है। भगवान शिव एक सूक्ष्म, पवित्र व स्वदीप्तिमान दिव्य ज्योति पुंज हैं। इस ज्योति को एक अंडाकार रूप से दर्शाया गया है। इसीलिए उन्हें ज्योर्तिलिंग के रूप में दिखाया गया है, अर्थात ज्योति का प्रतीक। वो सत्य है, कल्याणकारी हैं और सबसे सुंदर आत्मा है, तभी उन्हें सत्यम-शिवम्-सुंदरम कहा जाता है। वो सत-चित-आनंद स्वरूप भी है।

वाश्तव में जो परम ऐश्वर्यवान हो, जिसे लोग भजते हो अर्थात जिसका स्मरण करते हो एक रचता के रूप में, एक परमशक्ति के रूप में, एक परमपिता के रूप में, वही ईश्वर है और वही शिव है। एक मात्र वह शिव जो ब्रहमा, विष्णु और शकंर के भी रचियता है। शिव जीवन मरण से परे है। ज्योति बिन्दू स्वरूप है। वाश्तव में शिव एक ऐसा शब्द है जिसके उच्चारण मात्र से परमात्मा की सुखद अनुभूति होने लगती है। शिव को कल्याणकारी तो सभी मानते है, साथ ही शिव ही सत्य है शिव ही सुन्दर है, यह भी सभी स्वीकारते है। परन्तु यदि मनुष्य को शिव का बोध हो जाए तो उसे जीवन मुक्ति का लक्ष्य प्राप्त हो सकता है। गीता में कहा गया है कि जब जब धर्म के मार्ग से लोग विचलित हो जाते है, समाज में अनाचार, पापाचार, अत्याचार, शोषण, क्रोध, वैमनस्य, आलस्य, लोभ, अहंकार, कामुकता, माया मोह बढ जाता है, तब तब ही परमात्मा को स्वयं आकर राह भटके लोगो को सन्मार्ग पर लाने की प्रेरणा का कार्य करना पडता है। ऐसा हर पाचं हजार साल में पुनरावृत होता है। पहले सतयुग, फिर त्रेता, फिर द्वापर, फिर कलियुग और फिर संगम युग तक की यात्रा इन पांच हजार वर्षो में होती है। हांलाकि सतयुग में हर कोई पवित्र, सस्कांरवान, चिन्तामुक्त और सुखमय होता है।

परन्तु जैसे जैसे सतयुग से त्रेता और त्रेता से द्वापर तथा द्वापर से कलियुग तक का कालचक्र घूमता है। वैसे वैसे व्यक्ति रूप में मौजूद आत्मायें भी शान्त, पवित्र और सुखमय से अशान्त, दुषित और दुखमय हो जाती है। कलियुग को तो कहा ही गया है दुखों का काल। लेकिन जब कलियुग के अन्त में संगम युग से सतयुग के आगमन की घडी आती है तो यही वह समय जब परमात्मा स्वंय सतयुग की दुनिया बनाने के लिए आत्माओं को पवित्र और पावनता का स्वंय ज्ञान देते है और आत्माओं को सतयुग के काबिल बनाते है।

समश्त देवी देवताओ में मात्र शिव ही ऐसे देव है जो देव के देव यानि महादेव है जिन्हे त्रिकालदर्शी भी कहा जाता है। परमात्मा शिव ही निराकारी और ज्योति स्वरूप है जिसे ज्योति बिन्दू रूप में स्वीकारा गया है। परमात्मा सर्व आत्माओं से न्यारा और प्यारा है जो देह से परे है जिसका जन्म मरण नही होता और जो परमधाम का वासी है और जो समश्त संसार का पोषक है। दुनियाभर में ज्योतिर्लिगं के रूप में परमात्मा शिव की पूजा अर्चना और साधना की जाती है। शिवलिंग को ही ज्योतिर्लिंग के रूप में परमात्मा का स्मृति स्वरूप माना गया है।

संसार में सबसे पहले सोमनाथ के मन्दिर में हीरे कोहिनूर से बने शिवलिंग की स्थापना की गई थी। विभिन्न धर्मो में परमात्मा को इसी आकार रूप में मान्यता दी गई। तभी तो विश्व में न सिर्फ 12 ज्योर्तिलिगं परमात्मा के स्मृति स्वरूप में प्रसिद्ध है बल्कि हर शिवालयों में शिवलिगं प्रतिष्ठित होकर परमात्मा का भावपूर्ण स्मरण करा रहे है। वही ज्योतिरूप में धार्मिक स्थलों पर ज्योति अर्थात दीपक प्रज्ज्वलित कर परमात्मा के ज्योति स्वरूप की साधना की जाती है। शिव परमात्मा ऐसी परम शक्ति है, जिनसे देवताओं ने भी शक्ति प्राप्त की है। भारत के साथसाथमिश्र, यूनान, थाईलैण्ड, जापान, अमेरिका, जर्मनी, जैसे दुनियाभर के अनेक देशों ने परमात्मा शिव के अश्तित्व को स्वीकारा है। धार्मिक चित्रों में स्वंय श्रीराम, श्रीकृष्ण और शंकर भी भगवान शिव की आराधना में ध्यान मग्न दिखाये गए है। जैसा कि पुराणों और धार्मिक ग्रन्थों में भी उल्लेख मिलता है।

श्री राम ने जहां रामेश्वरम में शिव की पूजा की तो श्रीकृष्ण ने महाभारत युद्ध से पूर्व शिव श्तुति की थी। इसी तरह शंकर को भी भगवान शिव में ध्यान लगाते देखे जाने के चित्र प्रदशित किये गए है। दरअसल शिव और शंकर दोनो अलग अलग है शिव परमपिता परमात्मा है तो ब्रहमा, विष्णु और महेश यानि शंकर उनके देव तभी तो भगवान शिव को देव का देव महादेव अर्थात परमपिता परमात्मा स्वीकारा गया है।

ज्योति बिन्दू रूपी शिव ही अल्लाह अर्थात नूर ए इलाही है। वही लाईट आफ गोड है और वही सतनाम है। यानि नाम अलग अलग परन्तु पूरी कायनात का मालिक एक ही परम शक्ति है जो शिव है। सिर्फ भारत के धार्मिक ग्रन्थों और पुराणों में ही शिव के रूप में परमात्मा का उल्लेख नही है बल्कि दुनियाभर के लोग और यहूदी, ईसाई, मुस्लमान भी अपने अपने अंदाज में परमात्मा को ओम, अल्लाह, ओमेन के रूप में स्वीकारते है। सृष्टि की रचना की प्रक्रिया का चिंतन करे तो कहा जाता है कि सृष्टि के आरम्भ में ईश्वर की

आत्मा पानी पर डोलती थी और आदिकाल में परमात्मा ने ही आदम व हव्वा को बनाया जिनके द्वारा स्वर्ग की रचना की गई। चाहे शिव पुराण हो या मनुस्मृति या फिर अन्य धार्मिक ग्रन्थ हर एक में परमात्मा के वजूद को तेजस्वी रूप माना गया है। जिज्ञासा होती है कि अगर परमात्मा है तो वह कहां है, क्या किसी ने परमात्मा से साक्षात किया है या फिर किसी को परमात्मा की कोई अनूठी अनुभूति हुई है। साथ ही यह भी सवाल उठता है कि आत्माये शरीर धारण करने से पहले कहा रहती है और शरीर छोडने पर कहा चली जाती है। इन सवालो का जवाब भी सहज ही उपलब्ध है। सृष्टि चक्र में तीन लोक होते है पहला स्थूल वतन, दूसरा सूक्ष्म वतन और तीसरा मूल वतन अर्थात परमधाम। स्थूल वतन जिसमें हम निवास करते है पांच तत्वों से मिलकर बना है। जिसमें आकाश पृथ्वी, वायु, अग्नि औरजल शामिल है। इसी स्थूल वतन को कर्म क्षेत्र भी कहा गया है। जहां जीवन मरण है और अपने अपने कर्म के अनुसार जीव फल भोगता है। इसके बाद सूक्ष्म वतन सूर्य, चांद और तारों के पार है जिसे ब्रहमपुरी, विष्णुपुरी और शंकरपुरी भी कहा जाता है। सूक्ष्म वतन के बाद मूल वतन है जिसे परमधाम कहा जाता है।

यही वह स्थान है जहां परमात्मा निवास करते है। यह वह धाम है जहां सर्व आत्माओ का मूल धाम है। यानि आत्माओं का आवागमन इसी धाम से स्थूल लोक के लिए होता है। आत्माओं का जन्म होता है और परमात्मा का अवतरण होता है। यही आत्मा और परमात्मा में मुख्य अन्तर है। सबसे बडा अन्तर यह भी है कि आत्मा देह धारण करती है जबकि परमात्मा देह से परे है। परमात्मा निराकार है और परमात्मा ज्योर्ति बिन्दू रूप में सम्पूर्ण आत्माओं को प्रकाशमान करता है यानि उन्हे पतित से पावन बनाता है। काव्यात्मक रूप में कहूं तो,

**यह कैसी शिव की भक्ति है**
**हिंसा में आसक्ति है**
**भगवा पहनकर भी तन पर**
**विकार ग्रसित प्रवृत्ति है**
**शिव पूजा अगर मकसद है**
**कांवड़ ले जाना सद्कर्म है**
**गंगा जल से निर्मल स्वयं बनो**
**शिव भक्ति शांत भाव से करो**
**लाठी-डंडो का त्याग करो**
**डीजे का बहिष्कार करो**
**जो व्यवस्था बनी उस पर चलो**
**धैर्य गुण आत्मसात करो**
**शिव सहज ही खुश होंगे**
**जलाभिषेक स्वीकार करेंगे**
**ऐसा हो तो वंदन होगा**
**जगह -जगह अभिनन्दन होगा**
**बम -बम भोले जयघोष करेंगे**
**इंसान से फिर देवता बनेंगे।**

**(लेखक आध्यात्मिक चिंतक व वरिष्ठ साहित्यकार है)**

# हंगामों, नारेबाजी, स्थगन से कब उबरेगी संसद?



**अर्जुन देशप्रेमी**

विपक्ष के हंगामे के कारण संसद के वर्तमान मॉनसून सत्र के दुसरे दिन भी लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बाधित रही, विपक्ष ने हंगामा जारी रखा। यहाँ तक कि हंगामे की वजह से शून्यकाल भी नहीं हो पाया। वैसे भी कल संसद का मॉनसून सत्र का पहला दिन हंगामे की भेंट चढ़ गया था।

कारण, वही सदन में विपक्ष का भारी हंगामा। और यह कोई नई बात नहीं है। यह एक आम परिपाटी सी हो गई है। जब भी संसद का सत्र आरम्भ होता है, संसद का ढेर सारा समय इन्हीं हंगामों में जाया हो जाता है। ऐसा भी देखने में आया है जब पूरा का पूरा सत्र ही धुल जाता है।

आगे कोई बहुत जरूरी बिल सरकार को पास कराना होता है तो सरकार इसी हंगामे में बिना बहस के ही बिल पास करा लेती है। 1991 से संसद की कार्यवाही को कवर करने का मौका मिला है और उसमे मैंने यही महसूस किया है कि संसद में हंगामे, शोर शराबे और नारेबाजी की घटनाएं लगातार बढती ही गयी हैं।

चाहे विपक्ष में आज कांग्रेस हो या पूर्व में भारतीय जनता पार्टी या कोई और दल। सबने वही किया जो आज हो रहा है। कांग्रेस जब सत्ता में थी, तब वह हंगामे के लिए भाजपा को दोष देती थी।

आंकड़ों के हिसाब से साबित करती थी कि इन हंगामों के चलते देश का कितना नुकसान हो रहा है।

संसद को चलने में प्रति दिन, प्रति मिनट और प्रति सेकण्ड कितना खर्चा आता है और विपक्ष (भाजपा या कोई और दल) देश का कितना नुकसान कर रहे हैं।

कांग्रेस नसीहत देती थी कि विपक्ष को हंगामा कर सदन की कार्यवाही बाधित करने की जगह बहस करनी चाहिए। विपक्ष का काम सार्थक बहस करना है। पर आज वही कांग्रेस अपने ही नसीहतों से उलट हंगामे पर उतारू रहती है।

पिछले 11 वर्षों के दौरान संसद के ज्यादातर सत्रों में विपक्ष के रूप में कांग्रेस ने हंगामा ही किया है। विपक्ष के वर्तमान नेता और कांग्रेस सुप्रीमो राहुल गाँधी स्वयं इसे लीड करते हैं।

इसके उलट भाजपा अब वही बातें सत्ता पक्ष के रूप में बोल रही है जो पहले कांग्रेस बोलती थी। यानि भाजपा के सुर भी बदल गए हैं। आज वही आंकडें भाजपा देती है और विपक्ष के खिलाफ गैर संवैधानिक कार्य करने के आरोप लगाती है।

यदि अनुभवों की बात करें तो संकेत यही दिखाते हैं कि आनेवाले समय में भी ऐसा नहीं लगता कि हमारी संसद इससे उबार पायेगी। तो क्या यह सिलसिला अनवरत चलता रहेगा?

क्या हमारे चुने हुए नेता संसद में बहस कर अच्छे कानून बनाने की जगह हंगामों में ही लगे रहेंगे? क्या बिना सार्थक और गहन बहस के बिल पास होते रहेंगे?

दरअसल भारत ने जिस संविधान को अंगीकार किया है, उसमे संसद को देश के लिए कानून बनाने का काम सौंपा गया है। इसका एक काम विभिन्न संस्थाओं पर नियंत्रण रखना भी है जिससे कोई निरंकुश न हो जाये।



अच्छे कानून बनाने के लिए जरूरी है कि सांसद गहन अध्ययन कर विषय के अनुरूप बहस करें, सरकार की कमियों को जनता के समक्ष उजागर करें, कानूनों में उचित बदलाव के लिए सरकार को अपने तर्कों से बाध्य करें।

सत्ता पक्ष का भी काम है कि वह विपक्ष की सुने और तार्किक रूप से जो ठीक हो उसे अपने बिल में शामिल करे। विपक्ष के सवालों का जवाब दे। पर ऐसा हो नहीं रहा है। सरकारें अपने हिसाब से कानून बना रही हैं। जैसा मैंने ऊपर लिखा, अनेक बार बिना बहस के कानून पास हो रहे हैं। विपक्ष सार्थक बहस की जगह इसे राजनीतिक चश्मे से देखकर बहस करता है।

सत्तापक्ष और विपक्ष उसमें भी अपना वोट बैंक देखता है और उसी के अनुरूप अपनी बातें रखता है। दोनों ही 'अपनी अपनी ढपली, अपना अपना अपना राग' का अनुसरण करते हैं जो कतई देशहित में नहीं है।

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगश्त तक यानी कुल 32 दिन चलेगा। इस दौरान 18 बैठकें होंगी, 15 से ज्यादा बिल पेश होंगे। केंद्र सरकार मानसून सत्र में 8 नए बिल पेश करेगी, जबकि 7 लंबित बिलों पर चर्चा होगी। इनमें मणिपुर, जीएसटी संशोधन बिल 2025, इनकम टैक्स बिल, नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल जैसे विधेयक शामिल हैं। पर इस बात में संदेह ही है कि सबकुछ ठीक ठाक होगा।

संकेत तो पहले से ही गड़बड़ दिख रहे हैं। उदाहरण के तौर पर राहुल गाँधी को पता है कि किसी भी विषय पर डिबेट के लिए पहले नोटिस देना होता है।

पर राहुल गाँधी चाहते हैं कि जैसे ही वह खड़े हों, उनके इच्छित विषय पर बहस आरम्भ कर दी जाये। आपरेशन सिन्दूर के मसले पर सोमवार को लोकसभा में उन्होंने ऐसा ही किया।

राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर पर नोटिस तक नहीं दिया और चारो तरफ शोर मचाने लगे कि उन्हें लोकसभा में बोलने नहीं दिया जा रहा है। एक तरफ वह कह रहे हैं कि उनको बोलने नहीं दिया जा रहा और दूसरी तरफ उनके सांसद सदन के वेल में भारी हंगामा कर रहे थे।

अगर उनको बोलना था तो पहले तो उनको अपने सांसदों को चुप कराना चाहिए था। पर उन्होंने ऐसा नहीं किया। मकसद साफ है कि वह दरअसल सदन चलने नहीं देना चाहते थे।

ऐसा तब हो रहा था जब सरकार ने साफ कर दिया था कि जिस मुद्दे पर भी विपक्ष चाहेगा, बहस होगी। आपरेशन सिन्दूर के लिए तो लोकसभा अध्यक्ष ने पहले ही समय तय कर दिया था।

ऐसे में अब समय आ गया है कि सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों अपनी गरिमा को समझें और देशहित में कोई ऐसी युक्ति निकालें जिससे संसद में संविधान निर्माताओं की मंशा के अनुरूप कार्य हो सके। इसके लिए कुछ सत्ता पक्ष को झुकना होगा तो कुछ विपक्ष को भी।

अगर ऐसा नहीं होता है तो संसद की गरिमा लगातार गिरेगी और संभव है एक दिन संसद की बहस और संसद ही बेमानी होकर रह जाएगी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन।सी।आर। प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा
**फोन:** 9899683800 वेबसाइट : www।ncrtoday।in **ई-मेल:** todayncr@gmail।com >> ncrtoday@hotmail।com
**RNI-**UPHIN/2009/30721

## दो शातिर चोर गिरफ्तार

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जवां पुलिस ने दो चोर कासिम पुत्र सलीम उम्र 25 वर्ष निवासी रठगांव थाना जवां अलीगढ़ व नफीस पुत्र तहसीन निवासी रठगांव थाना जवां जनपद अलीगढ़ उम्र करीब 28 वर्ष को सीडीएफ कॉम्प्लेक्स के पुराने खण्डर के पास से गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से लोहे व स्टील के पुर्जो से भरे हुए 03 सफेद प्लास्टिक के कट्टे बरामद हुए।

## हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷। विगत 19 जुलाई 2025 को अज्ञात अभियुक्त द्वारा वादी की माँ सावित्री पत्नी स्व श्यामलाल की हत्या कर देने के सम्बन्ध में वादी श्री बच्चू स्व0 श्यामलाल निवासी गांव फौजुआका थाना टप्पल जिला अलीगढ़ की लिखित तहरीर पर बीएनएस पजीकृत किया गया। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना टप्पल पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर आम्र्स एक्ट में वांछित अभियुक्त राजकुमार उर्फ बीपी पुत्र सीओ सिंह उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम फौजुआका थाना टप्पल जनपद अलीगढ़ को सिमरोठी अंडरपास से करीब 200 मीटर पहले थाना क्षेत्र टप्पल से एक चाकू (आलाकत्ल) सहित गिरफ्तार किया।

## तमंचा सहित अभियुक्त गिरफ्तार

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध शस्त्र कारतूस रखने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गाँधीपार्क पुलिस ने अभियुक्त शाहरुख पुत्र सईद अहमद निवासी पिलखना थाना अकराबाद जिला अलीगढ़ उम्र करीब 25 वर्ष को एक तमंचा 315 बोर सहित बोनेर तिराहे से करीब 100 मीटर पहले वैष्णो हाईवे सिटी कालोनी के पास से गिरफ्तार किया।

## एएमयू की प्रो. शिरीन सादिक ने अलीगढ़ जिला कारागार को सौंपी डब्लूएएफआई वार्षिक रिपोर्ट

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की शिक्षक और 'वेलफेयर एक्शन्स फॉर इनकार्सरेटेड' कार्यक्रम की निदेशक प्रो. शिरीन सादिक ने वर्ष 2024-2025 की वार्षिक रिपोर्ट अलीगढ़ जिला जेल के वरिष्ठ अधीक्षक, बृजेन्द्र सिंह यादव को औपचारिक रूप से प्रस्तुत की। रिपोर्ट में कैदियों और उनके परिवारों के लिए डब्लूएएफआई द्वारा किए गए प्रमुख सामाजिक और कानूनी सहायता कार्यक्रमों का विवरण दिया गया है। यह पहल अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से संचालित होती है और पुनर्वास, पुनर्समावेशन और संकट की घड़ी में कानूनी सहायता के लिए समर्पित है। जेल प्रशासन ने डब्लूएएफआई टीम के सतत प्रयासों की सराहना की और रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने की जानकारी अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर भी साझा की।

## एएमयू के प्रो. नफीस अहमद खान कार्यकारी परिषद के सदस्य नियुक्त

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान संकाय के डीन प्रो. नफीस अहमद खान को वरिष्ठता के क्रम में अगला वरिष्ठ डीन होने के कारण एएमयू की कार्यकारी परिषद (एक्जीक्यूटिव काउंसिल) का सदस्य घोषित किया गया है।

## विश्व जनसंख्या दिवस : एएमयू के सीसीएईई में पोस्टर प्रतियोगिता

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर कंटीन्यूइंग एंड एडल्ट एजुकेशन एंड एक्सटेंशन द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर "विश्व जनसंख्या में विस्फोट" विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्र के लगभग 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रस्तुत पोस्टरों का मूल्यांकन एएमयू के ललित कला विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आबिद हादी ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों की रचनात्मकता, प्रासंगिकता और मौलिकता की सराहना की और उन्हें सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए रचनात्मक अभिव्यक्ति का उपयोग जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

# सीएम योगी बोले- यूपी में वर्तमान कृषि उत्पादन से तीन गुना अधिक करने की क्षमता



**लखनऊ , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज भी यूपी में सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र कृषि है। लगभग तीन करोड़ किसान कृषि पर निर्भर करते हैं। इसके बाद सर्वाधिक रोजगार एमएसएमई दे रहा है। इसके माध्यम से 1.65 करोड़ लोग रोजगार प्राप्त करते हैं। सीएम ने कहा कि कृषि पलायन का नहीं, बल्कि खुशहाली का माध्यम बने। यह तभी संभव है, जब इस क्षेत्र में किए जाने वाले अनुसंधान का लाभ किसानों को दे पाएंगे। सीएम ने कहा कि यूपी विकसित होता है तो भारत को विकसित होने से कोई ताकत रोक नहीं सकती। हर व्यक्ति अपने क्षेत्र में ईमानदारी से प्रयास करता है तो उस लक्ष्य को प्राप्त करने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के 36वें स्थापना दिवस में शिरकत की। सीएम ने प्रदर्शनी का अवलोकन और पुस्तिकाओं-न्यूज लेटर का विमोचन किया। उन्होंने राष्ट्रीय संगोष्ठी विकसित कृषि-विकसित उत्तर प्रदेशञ्च 2047 में अपने विचार भी रखे। सीएम ने कृषि वैज्ञानिकों, युवा प्रतिभाओं, एफपीओ आदि का सम्मान भी किया।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कृषि व कृषि अनुसंधान की दृष्टि से यूपी प्रकृति व परमात्मा की कृपा वाला प्रदेश है। हमारे पास विस्तृत और उर्वरा कृषि भूमि, पर्याप्त जल संसाधन है। दुनिया में यूपी एकमात्र ऐसा राज्य होगा, जिसका 86 फीसदी से अधिक भूभाग सिंचित है। यहां केंद्र व राज्य सरकार के कृषि विश्वविद्यालयों का बेहतरीन संजाल है। यूपी सरकार पहले से चार कृषि विवि संचालित कर रही है। पांचवां विवि भी स्थापित हो रहा है। केंद्र सरकार द्वारा भी प्रदेश में पहले से ही कृषि विवि संचालित हो रहे हैं और कृषि अनुसंधान के लिए 15 से अधिक संस्थान कार्यरत हैं। 89 कृषि विज्ञान केंद्र भी अपनी विशेषज्ञता का लाभ किसानों को प्रदान करते हैं। इसके बावजूद किसानों की स्थिति चौंकाने वाले तथ्य प्रस्तुत करती है। प्रदेश के बमुश्किल 25 से 30 फीसदी किसान ही ऐसे हैं, जो वैज्ञानिक शोध व अनुसंधान के कार्यों को प्रभावी ढंग से खेती में लागू कर पा रहे हैं।

### शॉर्ट टर्म, मीडियम व लॉन्ग टर्म प्लानिंग को लेकर भी चलना होगा

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2047 में जब भारत 30 ट्रिलियन डॉलर की इकॉमनी होगा तो यूपी कहां होगा, उसकी प्रति व्यक्ति आय क्या होगी। कृषि, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी क्या स्थिति होनी है। इस पर यूपी ने व्यापक कार्ययोजना बनाई है। हम विजन 2047 की कार्ययोजना के साथ तो आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन हमारे पास शॉर्ट टर्म भी होना चाहिए कि हमें दो वर्ष में क्या अचीव करना है। हमें 2027, 29 और 35 की भी बात करनी चाहिए। पब्लिक को अपील करने के लिए शॉर्ट टर्म, मीडियम और लॉन्ग टर्म प्लानिंग को लेकर चलना होगा। कृषि विवि, कृषि विज्ञान केंद्रों व अनुसंधान के लिए कार्यरत संस्थान इस दिशा में प्रयास प्रारंभ करें।

### किसानों को डिमास्ट्रेशन के माध्यम से दें जानकारी

सीएम ने कहा कि कोई फसल एक महीने विलंब होगी और बीज वही पुराना है तो उसके प्रोड्क्शन पर भी 30 फीसदी तक असर होगा। सीएम ने पूछा कि क्या लेट वेरायटी के लिए किसानों को तैयार किया। बीज की उपलब्धता व डिमास्ट्रेशन के लिए किसान को प्रशिक्षित किया। यदि कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विवि, अनुसंधान केंद्रों के माध्यम से समय पर सही जानकारी व डिमास्ट्रेशन से बताएंगे नहीं कि इस बीज से इसका इतना प्रोडक्शन लिया जा सकता है तो उसे विश्वास नहीं होगा। आज भी यदि वह पुरानी रणनीति के तहत पुरानी तकनीक पर आधारित खेती करने पर मजबूर है तो इसलिए, क्योंकि हम उसे केंद्रों तक लाने में विफल रहे हैं। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, प्रमुख सचिव रविंद्र, उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह, अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**यूपी की भूमि से तीन गुना अधिक लिया जा सकता उत्पादन :** उन्होंने कहा कि देश की आबादी का 16 फीसदी हिस्सा यूपी में निवास करता है। देश के कृषि योग्य कुल भूमि का केवल 11 फीसदी यूपी में है। इस भूमि पर देश का 20 फीसदी से अधिक खाद्यान्न उत्पादन हो रहा है। हालांकि यूपी की भूमि के समतलीकरण, उर्वरता, जल संसाधन को देखते हुए इससे तीन गुना अधिक उत्पादन लिया जा सकता है, लेकिन इसके लिए कृषि शोध, विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। सीएम ने कहा कि वही देश विकसित हुए हैं, जिन्होंने अधिकाधिक शोध और विकास पर ध्यान दिया। उनका क्षेत्र अलग हो सकता है। जिसने जिस क्षेत्र में कार्य किया, वह वहां आगे बढ़ा।

**यूपी के पास दुनिया का पेट भरने का भी सामर्थ्य :** सीएम ने कहा कि यूपी के पास देश ही नहीं, दुनिया का पेट भरने का भी सामर्थ्य है। कृषि, हॉर्टिकल्चर, सब्जी के लिए हम बहुत कुछ कर सकते हैं। यहां के क्लाइमेटिक जोन के अनुरूप अनुसंधान और प्रकृति-पर्यावरण के अनुरूप शोध को बढ़ाने के लिए और गति दिए जाने की आवश्यकता है। सीएम ने कहा कि आपके द्वारा किए गए शोध व विकास के कार्यक्रमों की गति देश व प्रदेश की प्रगति में निर्णायक भूमिका का निर्वहन कर सकती है।

## जेब में फटा मोबाइल फोन, स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी घायल



**गोरखपुर , एजेंसी।** धर्मशाला पुल के पास सोमवार सुबह स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी दिनेश कुमार का मोबाइल फोन जेब में ही ब्लास्ट (फट) कर गया। इससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि बैटरी ओवरहीट होने से फोन में ब्लास्ट हुआ।

जानकारी के अनुसार, झुंगिया फतेहपुर निवासी दिनेश कुमार स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं। वह सोमवार सुबह 9:30 बजे के करीब बाइक से ड्यूटी पर जाने के लिए निकले थे। फोन को पैंट की जेब में रखे थे। धर्मशाला पुल पार करते ही उनका फोन ब्लास्ट कर गया। इससे वह गिरकर घायल हो गए। उनके घुटने में चोट आई है। इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि फोन की बैटरी में कोई खराबी थी। जिस वजह से चार्जिंग में भी दिक्कत आ रही थी। ओवरहीट होने की वजह से फोन में ब्लास्ट हो गया।

**बैकग्राउंड में एप्स को रखें बंद:** एमएमएमयूटी में इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के डॉ. अनुपम साहू ने बताया कि फोन के ब्लास्ट होने के पीछे का सबसे बड़ा कारण है बैटरी का ओवरहीट होना। फोन में बहुत सारे एप्स बैकग्राउंड में चलते रहते हैं। डाटा चालू रहने से वह काम करते रहते हैं। इस वजह से बैटरी को ठंडा होने का मौका नहीं मिलता।

पुराने फोन में बैटरी फूल जाती थी। इसके बाद उसे निकाल कर दूसरी बैटरी लगाई जाती थी। कई बार ओवर चार्जिंग की वजह से भी फोन ब्लास्ट होते हैं। इससे बचने के लिए बैकग्राउंड में चल रहे एप्स को बंद रखें। कुछ देर के लिए डाटा भी ऑफ कर दें ताकि बैटरी को ठंडा होने का वक्त मिले। डॉ. अनुपम ने बताया कि स्मार्टफोन को किसी भी लोकल चार्जर से चार्ज करते हैं, तो यह फोन और बैटरी के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। स्मार्टफोन की बैटरी लिथियम आयन की बनी होने के कारण हल्की होती है, ऊंचाई से गिरने पर इनमें शॉर्ट सर्किट का खतरा भी बना रहता है।

## अन्नदाताओं को योगी सरकार बड़ा तोहफा, सोलर पंप के लिए किसानों को 90 फीसदी अनुदान



**लखनऊ, एजेंसी।** प्रदेश में सोलर पंप लगाने वाले किसानों को प्रदेश सरकार बड़ा तोहफा देने की तैयारी में है। लघु एवं सीमांत किसानों को सिर्फ 10 फीसदी मूल्य पर सोलर पंप मुहैया कराने की योजना है। बाकी 90 फीसदी कीमत राज्य सरकार देगी। इसी तरह बड़े किसानों को 20 फीसदी कीमत चुकानी होगी। इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। जल्द ही इस प्रस्ताव को कैबिनेट में भेजा जाएगा। सरकार की इस योजना को पंचायत चुनाव के नजरिए से भी अहम माना जा रहा है।

प्रदेश में 238.22 लाख किसान हैं। इनमें करीब 93 फीसदी लघु एवं सीमांत किसान हैं। प्रदेश सरकार बिजली और डीजल की कृषि क्षेत्र में खपत कम करने, पर्यावरण प्रदूषण बचाने और किसानों को कम लागत में अधिक मुनाफा दिलाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी के तहत बिजली कनेक्शन को कम करके सोलर पंप को सिंचाई व्यवस्था में शामिल किया जा रहा है। दो हार्स पॉवर से लेकर 10 हार्स पॉवर तक के सोलर पंपों द्वारा सिंचाई करने को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अभी तक सोलर पंप पर 60 फीसदी अनुदान दिया जाता है। अब इसे बढ़ाने की तैयारी है।

किसानों को खुद करनी होगी बोरिंग

कृषि विभाग की ओर से प्रस्ताव तैयार किया गया है कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा उत्थान महाअभियान (पीए कुसुम)योजना के तहत सोलर पंप लगवाने वाले लघु एवं सीमांत किसानों को कुल लागत का 90 फीसदी और बड़े किसानों को 80 फीसदी तक अनुदान दिया जाए। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। सोलर पंप लगवाने वाले किसानों को बोरिंग खुद करानी होगी। मोटर, सोलर पैनल आदि योजना के तहत तय की गई वेंडर कंपनी से लगवाया जाएगा। दो हार्स पॉवर के सोलर पंप पर करीब 1.80 लाख और पांच हार्स पावर के पंप पर करीब 4.80 लाख का खर्च आता है।

**45 हजार से अधिक का लक्ष्य:** प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा उत्थान महाअभियान (पीएम कुसुम)योजना के तहत वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 तक 79,516 सोलर पंप लगवाए गए हैं। वर्ष 2025-26 के लिए 45 हजार सोलर पंप लगाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में 70 फीसदी भूमि की सिंचाई भूजल के माध्यम से की जाती है।

**पीएम कुसुम योजना में कराना होगा पंजीयन:** कृषि विभाग के पोर्टल पर पीएम कुसुम योजना के फोल्डर पर जाकर पंजीयन करना होगा। विभाग की ओर से तय की गई अंतिम तिथि के बाद पहलो आओ, पहले पाओ अथवा लाटरी सिस्टम से सोलर पंप का आवंटन किया जाएगा। इसके लिए जिला और प्रदेश स्तर पर चयन कमेटी भी बनेगी।

## कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा, डीएम-एसपी ने बरसाए फूल, श्रद्धालु बोले- ये हमारे लिए यादगार





**बाराबंकी , एजेंसी।** महाभारत कालीन शिवलिंग के लिए प्रसिद्ध तीर्थस्थल महादेवा में सावन माह के तीसरे मंगलवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई जिससे पूरे क्षेत्र में एक अद्भुत और अलौकिक दृश्य देखने को मिला।

मंगलवार सुबह लगभग 9:24 बजे हेलीकॉप्टर ने महादेवा मंदिर के ऊपर तीन बार चक्कर लगाते हुए गेंदे और गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा की। बोल बम के जयकारों और हर-हर महादेव की गूंज से वातावरण शिवमय हो गया। चिलचिलाती धूप में भी श्रद्धालु सुबह 7 बजे से ही मंदिर परिसर में डटे रहे और पुष्पवर्षा के इस पावन क्षण को मोबाइल कैमरे में कैद करते नजर आए। इस अवसर पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने हेलीकॉप्टर से स्वयं पुष्पवर्षा की। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष शेखर हयारण, मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, एसडीएम विवेकशील यादव, सीओ गरिमा पंत, तहसीलदार विपुल सिंह, विजय प्रकाश तिवारी, बीडीओ जितेंद्र कुमार तथा कोतवाल अनिल कुमार पांडेय सहित कई प्रशासनिक व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने इस अनूठी पुष्पवर्षा को अद्वितीय अनुभव बताया और प्रशासन की इस पहल की सराहना की। महादेवा में शिवभक्ति और जनसहभागिता का यह अद्भुत संगम लंबे समय तक लोगों के मन में बसा रहेगा।

## पुलिस लाइन में बवाल: सिपाही ने हेड कांस्टेबल के कमरे में घुसकर रॉड और डंडों से पीटा, हालचाल पूछने पर भड़का था

**अमेठी, एजेंसी।** पुलिस लाइन परिसर में सोमवार रात आपसी विवाद में सिपाही राकेश सिंह ने हेड कांस्टेबल राजन प्रताप वर्मा के कमरे में घुसकर लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल राजन को पहले सीएचसी लाया गया, वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जहां वह भर्ती है। जानकारी के मुताबिक, ड्यूटी के बाद अपने कमरे में आराम कर रहे हेड कांस्टेबल राजन से सिपाही राकेश हालचाल पूछने पर भड़क उठा। आरोप है कि नशे की हालत में मौजूद सिपाही ने पहले डंडे से वार किया, फिर पास में रखी लोहे की रॉड उठाकर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। शोर सुनकर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव किया और अमेठी कोतवाली पुलिस को सूचना दी। घायल हेड कांस्टेबल ने बताया कि उन्होंने सिपाही को उसके परिवार का हाल पूछते हुए कुछ अपशब्द कह दिया। इसी बात से राकेश नाराज हो गया और मारपीट पर उतर आया। पीड़ित के मुताबिक, उन्होंने उम्र में बड़े होने के नाते समझाने की कोशिश भी की लेकिन सिपाही ने एक न सुनी और उनकी पिटाई कर दी। कोतवाली पुलिस ने घायल को इलाज के लिए भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक अमेठी रवि सिंह ने बताया कि पुलिस लाइन की घटना संज्ञान में है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। सिपाही की भूमिका की जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।


## युवक की ट्रेन से कटकर मौत, मंदिर जाने की बात कहकर निकला था, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में महाराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हाथीगांव रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा मिला है। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की है। मृतक की शिनाख्त रविकांत पाल के रूप में हुई है, जो बदुआपुर गांव का रहने वाला है और ट्रक चालक है।

परिजनों के अनुसार रविकांत सुबह श्री नन्देश्वर मंदिर दर्शन की बात कहकर घर से निकला था। दो घंटे बाद उसका शव ट्रैक पर पड़ा मिला। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के परिवार में पिता हरि पाल, दो बेटे रविकांत और शशिकांत व एक बेटी रूबी है।

**मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला:** घटना से परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने रविकांत का मोबाइल कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। महाराजपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले की जांच की जा रही है। परिजनों की तहरीर तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# धर्मांतरण की डरावनी कहानी: सगी बहनों का ऐसे किया गया ब्रेनवॉश, माता-पिता के आंसू भी नहीं पिघला पा रहे दिल








**आगरा , एजेंसी।** आगरा के सदर निवासी कारोबारी की दोनों बेटियों की सोमवार को काउंसलिंग कराई गई। उन्हें अच्छे और बुरे का भेद बताया गया। वह घर वापसी के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने शर्त रखी है कि पहले पकड़े गए सभी लोगों को छोड़ा जाए। इस पर मां-बाप के साथ पुलिसकर्मी उन्हें समझाने में लगे हुए हैं। मनोविज्ञानी का भी सहारा लिया जा रहा है। इससे उनके घर लौटने की उम्मीद है। बेटियों से मिलकर माता-पिता भावुक हो गए।

सोमवार को बेटियों की काउंसलिंग के दौरान माता-पिता भी पहुंचे थे। धर्मांतरण के गिरोह में फंसी बेटियों को फिर से अपने घर लाने के लिए वह जीजान से जुटे हैं। वहीं पुलिस भी प्रयास में लगी हुई है। पुलिस ने पहले अकेले में दोनों की काउंसलिंग कराई। बाद में मां और पिता से भी सामना कराया। कभी बेटियां तो कभी मां-पिता भावुक हो जाते थे। मनोविज्ञानी और पुलिस का मानना है कि बेटियां अपने परिवार के प्रति भावुक हैं। वह कट्टरपंथ से बाहर आ सकती हैं। बहनों में सकारात्मक बदलाव जल्द आने की उम्मीद है।


**पिता बोले, बस बेटियां घर लौट आएं:** बेटियों से मिलने के बाद पिता ने कहा कि बस वो घर चलने के लिए राजी हो जाएं। फिर कभी उन्हें दूर नहीं जाने देंगे। वह थाने में बेटियों से मिलने के बाद भावुक हो गए। चार साल से जो बेटियां मतांतरण के चंगुल में थी, अब वो उन्हें घर जल्द से जल्द ले जाना चाहते हैं। पिता ने कहा कि बेटियों को पहले की तरह सामान्य जीवन में लौटने में अभी लंबा समय लग सकता है।

**छोटी बहन को बालिग होते ही बुलाया :** बड़ी बहन चार साल पहले गिरोह के चंगुल में आ गई थी। मगर, वो कश्मीर जा नहीं सकी थी। घर में उस पर बंदिशें लगा दी गईं। मगर वो गिरोह के संपर्क में रही। इस बीच उसने अपनी छोटी बहन को भी धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित कर दिया। हालांकि, वह 16 साल की थी। गिरोह नाबालिगों को नहीं बुलाता है, क्योंकि उनके धर्म परिवर्तन से संबंधित कागजात नहीं बनाए जा सकते हैं। ऐसे में उन्हें नहीं बुलाया गया। जनवरी में छोटी बहन के बालिग होते हुए बड़ी उसे साथ लेकर चली गई।

**छोटी बहन को मुजाहिद बनाने की थी तैयारी :** पुलिस को सोशल मीडिया पर एक फोटो मिला था, जिसमें एके-47 के साथ एक युवती की प्रोफाइल पिक्चर नजर आ रही है। यह छोटी बहन ने एक आईडी पर लगाई थी। खुफिया एजेंसियों ने फोटो के बारे में उससे पूछताछ की। उसने बताया कि वह जिंदगी में कुछ अलग करना चाहती थी। इस बारे में बड़ी बहन को बताया। कहा था कि वह गोलियां चलाना चाहती है। यह बात सुनने के बाद बड़ी बहन ने उसका ब्रेन वॉश किया। उसे स्पेशल ट्रेनिंग के नाम पर जल्द कश्मीर भेजा जाता। उसे मुजाहिद बनाने की तैयारी थी।

**हरियाणा की युवती के परिजन पहुंचे:** दिल्ली से अब्दुल रहमान के घर से मिली हरियाणा के रोहतक की युवती को पुलिस आगरा लाई थी। सके बरामद होने की जानकारी पर परिजन आ गए। उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि बेटी के लापता होने पर केस दर्ज कराया था। अब वो उसे लेकर जाना चाहते है। हरियाणा पुलिस को भी जानकारी दे दी गई है।

## विराट कोहली ने की इंग्लैंड के खिलाड़ी की मदद, दोहरा शतक ठोका, बनाए 848 रन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के क्रिकेटर हसीब हमीद इस वक्त कमाल की फॉर्म में हैं. इस खिलाड़ी ने काउंटी चैंपियनशिप में कमाल का प्रदर्शन किया है. नॉटिंघमशर के कप्तान ने अब खुलासा किया है कि उनकी बैटिंग में तो दम दिखाई दे रहा है उसका श्रेय विराट कोहली को भी जाता है. हसीब हमीद ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि विराट कोहली ने उनकी काफी मदद की है. बल्लेबाजी को लेकर उनका जो भी सवाल था उसका उन्हें विराट से जवाब मिला. हसीब हमीद ने बताया कि खुद विराट कोहली ने उन्हें अपना फोन नंबर देकर कहा कि जब जरूरत हो फोन कर लेना.

### विराट ने की हमीद की मदद

विराट कोहली ने कैसे और क्यों हसीब हमीद की मदद की इसपर इंग्लैंड के इस क्रिकेटर ने कहा, 'विराट कोहली हमेशा से ही काफी मददगार रहे हैं. जब भी मुझे बल्लेबाजी को लेकर कुछ पूछना होता था तो उन्होंने मेरी मदद की. मैं उनका काफी सम्मान करता हूं. उन्होंने मुश्किल वक्त पर मेरी मदद की है.' हमीद ने कहा कि साल 2016 में हुए राजकोट टेस्ट के बाद खुद विराट कोहली ने उन्हें अपना नंबर देकर मदद की पेशकश की जो कि उनके बड़प्पन को दिखाता है.

### हसीब हमीद 3 सालों से इंग्लैंड की टीम से बाहर

हसीब हमीद ने साल 2016 में टेस्ट डेब्यू किया था और वो 2022 के बाद से इंग्लैंड की टीम से बाहर हैं. दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 10 मैचों में 439 रन बनाए, उनके बल्ले से 4 अर्धशतक निकले. हमीद का औसत सिर्फ 24.38 का रहा और इसीलिए उन्हें इंग्लिश टीम से हटा दिया गया. लेकिन यहां बड़ी बात ये है कि जब वो इंग्लैंड की टीम में आए थे उस वक्त उनकी उम्र सिर्फ 19 साल थी. अब ये खिलाड़ी 28 साल का है और उनकी बल्लेबाजी में मैच्योरिटी आ चुकी है.इसका सबूत उन्होंने काउंटी चैंपियनशिप में भी दिया है. काउंटी चैंपियनशिप 2025 डिविजन वन में हसीब हमीद नॉटिंघमशर की कप्तानी कर रहे हैं और उन्होंने 70.66 की औसत से 848 रन ठोक दिए हैं. हमीद के बल्ले से एक दोहरा शतक और एक शतक निकला है जिसमें 121 चौके शामिल हैं. साफ है हमीद इस वक्त प्राइम फॉर्म में हैं और उन्हें इंग्लैंड की टीम में वापसी का इंतजार है.

# बूम बूम बुमराह का फिर चलेगा मैजिक...

### मैनचेस्टर टेस्ट में बना सकते हैं 2 धाकड़ रिकॉर्ड, पीछे छूटेंगे वसीम अकरम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच बुधवार (23 जुलाई) से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर टेस्ट मुकाबला खेला जाना है. इस मुकाबले में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के भी खेलने की संभावना है. बुमराह ने लीड्स और लॉर्ड्स में खेले गए मुकाबलों में हिस्सा लिया था, जबकि बर्मिंघम टेस्ट मैच से वो बाहर रहे थे. टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने साफ कर दिया था कि बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत इंग्लैंड दौरे पर केवल तीन टेस्ट मैच खेलेंगे. ऐसे में बुमराह इस दौरे पर शायद अपना आखिरी मैच खेलते नजर आ सकते हैं. मोहम्मद सिराज ने सोमवार को मैनचेस्टर में कहा, अभी तक हम केवल इतना जानते हैं कि जस्सी (बुमराह) भाई खेलेंगे. उनसे भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के बारे में पूछा गया था, क्योंकि आकाश दीप और अर्शदीप सिंह चोटिल हैं. जसप्रीत बुमराह मैनचेस्टर टेस्ट मैच में दो बड़े रिकॉर्ड भी अपने नाम कर सकते हैं. बुमराह के पास इंग्लैंड में सबसे ज्याद टेस्ट विकेट लेने वाले एशियाई गेंदबाज बनने का है. बुमराह ने इंग्लैंड में अब तक 11 टेस्ट मैचों में 49 विकेट लिए हैं. पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम फिलहाल इंग्लैंड में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले एशियाई




बॉलर हैं. अकरम ने इंग्लैंड में 14 टेस्ट मैच खेलकर 53 विकेट लिए थे. यानी बुमराह को अकरम का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए सिर्फ 5 विकेट और चाहिए.

पहले ये अनुमान लगाया जा रहा था कि जसप्रीत बुमराह मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर होने वाले टेस्ट मैच से रेस्ट लेंगे, जबकि ओवल टेस्ट मैच में वो खेलेंगे. लेकिन आकाश दीप और अर्शदीप सिंह के इंजर्ड होने के चलते बुमराह को अब शायद आराम नहीं मिलेगा. अर्शदीप बाएं हाथ के अंगूठे में लगी चोट के कारण चौथे टेस्ट से बाहर हो चुके हैं. वहीं आकाश दीप का खेलना काफी मुश्किल है, जो ग्रोइन इंजरी से जूझ रहे हैं.

### सेना कंट्रीज में सर्वाधिक पांच विकेट वॉल (एशियाई गेंदबाज)

जसप्रीत बुमराह (भारत)- 33 टेस्ट, 157 विकेट, 11 बार 5 विकेट हॉल

वसीम अकरम (पाकिस्तान)- 32 टेस्ट, 146 विकेट, 11 बार 5 विकेट हॉल

मुथैया मुरलीधरन (श्रीलंका)- 23 टेस्ट, 125 विकेट, 10 बार 5 विकेट हॉल

बता दें कि इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में जसप्रीत बुमराह दो बार पारी में पांच विकेट हॉल ले चुके हैं. ये पांच विकेट हॉल उन्होंने लीड्स और लॉर्ड्स टेस्ट मैच में लिए थे. अब बुमराह का मैजिक मैनचेस्टर टेस्ट मैच में भी देखने को मिल सकता है. फिलहाल टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड 1-2 से आगे है. ऐसे मैनचेस्टर टेस्ट जीतकर भारतीय टीम के पास सीरीज को 2-2 से बराबरी करने का मौका है. हालांकि इसके लिए शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम को तीनों डिपार्टमेंट में अच्छा प्रदर्शन करना होगा.

### वसीम अकरम का ये रिकॉर्ड भी तोड़ेंगे बुमराह?

जसप्रीत बुमराह के पास वसीम अकरम को एक और मामले में पछाड़ने का मौका है. दरअसल बुमराह अब तक सेना (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) कंट्रीज में 11 बार टेस्ट पारी में 5 या उससे ज्यादा विकेट ले चुके हैं. अकरम के नाम भी सेना कंट्रीज में इतने ही पांच विकेट हॉल हैं. फिलहाल बुमराह और अकरम सेना कंट्रीज में सबसे ज्यादा बार पांच विकेट हॉल लेने वाले एशियाई गेंदबाजों की सूची में संयुक्त रूप से टॉप पर हैं. अगर बुमराह मैनचेस्टर टेस्ट में 5 विकेट हॉल ले लेते हैं, तो वो सेना कंट्रीज में सबसे ज्यादा बार टेस्ट पारी में पांच विकेट लेने वाले एशियाई गेंदबाजों में अकेले टॉप पर काबिज हो जाएंगे.

## युवाओं की फिटनेस में गिरावट पर एमएस धोनी ने जताई चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** धोनी का एक वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह फिटनेस को लेकर अपनी राय रखते नजर आ रहे हैं। धोनी ने रांची में एक कार्यक्रम में बोलते हुए बताया कि अपनी बेटी के साथ भी वे शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों को शामिल करने का सचेत प्रयास करते हैं। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भारत में युवाओं की फिटनेस में गिरावट पर चिंता जाहिर की है। रांची में एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने बताया कि अपनी बेटी के साथ भी वे शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों को शामिल करने का सचेत प्रयास करते हैं। 44 साल के धोनी का फिटनेस पर काफी जोर रहा है और वह अभी भी मैदान पर फिट नजर आते हैं।

धोनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था, लेकिन वह अभी भी आईपीएल में खेलते हैं। धोनी इस उम्र में भी विकेट के पीछे काफी तेज रहते हैं और बल्लेबाज को चकमा देने का मौका नहीं छोड़ते हैं। धोनी का एक वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह फिटनेस को लेकर अपनी राय रखते नजर आ रहे हैं। हालांकि धोनी अपनी अनुशासित दिनचर्या के साथ उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने भारतीयों, विशेषकर बच्चों में फिटनेस के स्तर में गिरावट पर चिंता व्यक्त की।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ब्रायन म्ब्यूमो के साथ 5 साल का अनुबंध किया



**लंदन, एजेंसी।** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ब्रेंटफोर्ड के फॉरवर्ड ब्रायन म्ब्यूमो के साथ जून 2030 तक के लिए अनुबंध किया है। यह अनुबंध 65 मिलियन पाउंड (करीब 88 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में हुआ, जिसमें एक साल के विस्तार का विकल्प भी शामिल है।

कैमरून के अंतरराष्टीय खिलाड़ी म्ब्यूमो इस समर ट्रांसफर विंडो में यूनाइटेड की ओर से साइन किए गए तीसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले क्लब ने स्ट्राइकर मैथियस कुन्हा और डिफेंडर डिएगो लियोन को टीम में शामिल किया था। म्ब्यूमो ने क्लब की आधिकारिक वेबसाइट पर कहा, जैसे ही मुझे पता चला कि मैनचेस्टर यूनाइटेड में शामिल होने का मौका है, मैंने अपने सपनों के क्लब के में शामिल होने का फैसला किया। मैं बचपन में इस टीम की जर्सी पहनता था। उन्होंने आगे कहा, मेरी हमेशा यही सोच होती है कि मैं कल से बेहतर बनूं। पता है कि मुझमें वह जज्बा है, जिससे मैं यहां एक नया स्तर हासिल कर सकता हूं। सभी ने मुझे यहां बन रहे माहौल और भविष्य के लिए रोमांचक योजनाओं के बारे में बताया। यह शानदार स्टेडियम और जबरदस्त फैंस के साथ एक बड़ा क्लब है।

हम सभी सबसे बड़े खिताबों के लिए चुनौती पेश करने को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। म्ब्यूमो गुरुवार से शुरू हो रहे मैनचेस्टर यूनाइटेड के अमेरिका दौरे का हिस्सा हो सकते हैं, जो प्री-सीजन के तहत आयोजित किया जा रहा है। ब्रायन म्ब्यूमो ने ब्रेंटफोर्ड के लिए 242 मुकाबलों में 70 गोल करने के साथ 51 असिस्ट दिए। इनमें से 20 गोल पिछले सीजन में आए।

पिछले सीजन में 25 वर्षीय म्ब्यूमो ने प्रीमियर लीग में 20 गोल दागे, जो लीग में चौथे सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड था। इसके साथ ही उन्होंने 8 असिस्ट भी दिए। ब्रेंटफोर्ड के शीर्ष लीग में प्रमोशन के बाद से, म्ब्यूमो ने प्रति सीजन औसतन 18 गोल किए, जो एक बेहद प्रभावशाली रिकॉर्ड है।

# शतरंज विश्व कप 2025 की मेजबानी भारत को मिलना गौरव का पल : मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक शतरंज विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को भारत को मेजबानी मिलने पर खुशी जाहिर की। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने भारत को फिडे विश्व कप 2025 की मेजबानी मिलने पर खुशी जताते हुए इसे गौरव का पल बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक प्रतिष्ठित फिडे विश्व कप 2025 की मेजबानी करना भारत के लिए अत्यंत गौरव की बात है।



यह ऐतिहासिक आयोजन भारत की शतरंज यात्रा में एक नई ऊंचाई का प्रतीक है और वैश्विक शतरंज की बिसात पर हमारे बढ़ते कद को दर्शाता है। इससे पहले फिडे ने भारत की मेजबानी की घोषणा की। वहीं, मेजबान शहरों की घोषणा बाद में की जाएगी। 2025 विश्व कप में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगे, जो विश्व शतरंज चैंपियनशिप के लिए दावेदार का निर्धारण करेगा। फिडे ने एक बयान में कहा, प्रतिष्ठित फिडे विश्व कप इस साल भारत आ रहा है।

30 अक्टूबर से 27 नवंबर, 2025 तक आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के प्रतिष्ठित खिताब और क्वालिफिकेशन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। मेजबान शहर की घोषणा सहित अन्य विवरण समय आने पर जारी किए जाएंगे। भारत ने हाल ही में कई बड़े आयोजनों की मेजबानी की है, जिनमें फिडे शतरंज ओलंपियाड 2022, टाटा स्टील शतरंज इंडिया, फिडे विश्व जूनियर अंडर-20 चैंपियनशिप 2024 और फिडे महिला ग्रां प्री का पांचवां चरण (अप्रैल 2025) शामिल हैं।

फिडे के सीईओ एमिक सुतोव्स्की ने कहा, हम फिडे विश्व कप 2025 को भारत में लाकर रोमांचित हैं, एक ऐसा देश जहां शतरंज के प्रति गहरा जुनून और समर्थन है। भारतीय शतरंज प्रशंसकों का उत्साह हमेशा उल्लेखनीय रहा है और हमें उम्मीद है कि स्थानीय शतरंज प्रेमियों में, ऑन-साइट और ऑनलाइन, इस आयोजन में गहरी रुचि होगी।

अनुभव को बेहतर बनाने के लिए, फिडे टूर्नामेंट के प्रतिभागियों और शतरंज के दिग्गजों को शामिल करते हुए कई अतिरिक्त कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# वीनस विलियम्स ने 16 महीने के अंतराल के बाद जीता पहला पेशेवर मैच

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स ने 16 महीनों के लंबे अंतराल के बाद अपना पहला पेशेवर टेनिस मैच जीत लिया है। विलियम्स ने हैली बैप्टिस्ट के साथ जोड़ी बनाते हुए डीसी ओपन के पहले दौर में डबल्स वाइल्ड कार्ड जोड़ी यूजिनी बूचार्ड और क्लरवी नगुनुए को शिकस्त दी। यह एक बड़ा उलटफेर था। 3-1 से पिछड़ने और ब्रेक प्वाइंट का सामना करने के बाद, वीनस और बैप्टिस्ट ने वापसी करते हुए आखिरी 12 में से 11 गेम जीते। साल 2022 में पहले दौर में हार के बाद, यह डीसी टूर्नामेंट में वीनस की दूसरी उपस्थिति है।



45 वर्षीय पूर्व विश्व नंबर-1 वीनस विलियम्स ने इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड एंट्री ली थी। उन्होंने मार्च 2024 के मियामी ओपन के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला था। उनकी पिछली जीत अगस्त 2023 में सिनसिनाटी ओपन में आई थी। वीनस ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, कोर्ट पर वापसी प्रेरणादायक थी। मुझे अब भी यह खेल बेहद पसंद है। मैं अब भी दमदार शॉट्स लगा रही हूं। मुझे पहले ही प्वाइंट से लग गया था कि हम एक अच्छी टीम हैं। हमें वर्षों पहले ही यह जोड़ी बना लेनी चाहिए थी।

वर्तमान में वीनस की कोई आधिकारिक रैंकिंग नहीं है। उन्होंने अपनी बहन सेरेना विलियम्स के साथ मिलकर महिला डबल्स में 14 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। विलियम्स बहनों ने कई वर्षों तक टेनिस की दुनिया पर दबदबा बनाए रखा है। मंगलवार को वीनस सिंगल्स प्रतियोगिता के पहले दौर में एक और अमेरिकी खिलाड़ी, पेटन स्टर्न्स का सामना करेंगी। इस मुकाबले में वाइल्ड कार्ड एंट्री के साथ कोर्ट पर उतरते ही वीनस डब्ल्यूटीए टूर-स्तरीय मुख्य ड्रॉ में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएंगी। इससे पहले 46 वर्ष की उम्र में किमिको डेटे ने सात साल पहले टोक्यो में यह उपलब्धि हासिल की थी। वहीं, पुरुष एकल में ब्रिटेन के डैन इवांस और कैमरन नॉरी वाशिंगटन में दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। साल 2023 में वाशिंगटन का खिताब जीतने वाले इवांस ने जिजो बर्ग्स के खिलाफ 3-6, 6-4, 6-3 से कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। 35 वर्षीय वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी का अगला मुकाबला 13वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी एलेक्स मिशेलसन से होगा। इस बीच, कैमरून नोरी ने ब्रिटिश क्वालीफायर बिली हैरिस को 6-3, 7-6 (7-4) से हराया और दूसरे दौर में उनका सामना फ्रेंच ओपन सेमीफाइनलिस्ट और दूसरी वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेट्टी से होगा।

# सोलन की निधि ठाकुर ने 800 मीटर दौड़ व सिरमौर की दीक्षिता ने किक बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोलन जिले की निधि ठाकुर ने बिहार के पटना में राष्ट्रीय स्तर की ओपन एथलेटिक्स मीट में गोल्ड मेडल हासिल किया है। निधि ने 800 मीटर की दौड़ में सफलता हासिल की। बीते एक वर्ष से निधि ऊना में खेल विभाग के कोच राकेश चौधरी के पास प्रशिक्षण हासिल कर रही हैं। ऊना कॉलेज में एमए अंग्रेजी की द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। निधि इससे पहले बिलासपुर में भी राकेश चौधरी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं थी। उनका तबादला यहां होने के बाद से वह अपने उम्दा प्रदर्शन को जारी नहीं रख पाई। आखिरकार बीते वर्ष निधि यहां ऊना आकर फिर से कोच राकेश से प्रशिक्षण पाकर कड़ी मेहनत में जुट गई। अब राष्ट्रीय स्तर की ओपन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया। निधि सोलन के अर्को तहसील के गांव खनोल की रहने वाली हैं, उनके पिता जतिंदर ठाकुर पेशे से चालक हैं माता सुनीता ठाकुर हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में हुई राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में दीक्षिता चौहान ने गोल्ड मेडल जीता है। उनका चयन आबूधाबी में नवंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए हुआ है। मूल रूप से टिक्कर डिसवानी निवासी दीक्षिता चौहान ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया है।



### वूमेंस चेस कप:

## टाईब्रेकर में जीत से दिव्या शतरंज विश्वकप के सेमीफाइनल में, हमवतन हरिका को दी मात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिव्या ने टाईब्रेकर की पहली बाजी सफेद मोहरों से, जबकि दूसरी बाजी काले मोहरों से जीतीं। दोनों के बीच क्लासिकल प्रारूप की बाजियां बराबरी पर छूटी थीं। दिव्या पहली बार विश्वकप में खेल रही हैं। अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख ने शतरंज विश्वकप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

उन्होंने टाईब्रेकर में हमवतन द्रोणावल्ली हरिका को हराया। 19 साल की दिव्या ने टाईब्रेकर की पहली बाजी सफेद मोहरों से, जबकि दूसरी बाजी काले मोहरों से जीतीं। दोनों के बीच क्लासिकल प्रारूप की बाजियां बराबरी पर छूटी थीं। दिव्या पहली बार विश्वकप में खेल रही हैं। दिव्या से पहले 37 वर्षीय कोनेरू हंपी भी सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। दिव्या की सेमीफाइनल में चीन की तान जोंगयी से और हंपी की चीन की ही ली टिंग जी से टक्कर होगी।



### शीर्ष तीन को मिलेगा कैंडिडेट्स का टिकट

यह पहली बार है जब दो भारतीय खिलाड़ियों ने विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। हंपी और दिव्या के पास कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने का बेहतरीन मौका है। शीर्ष तीन खिलाड़ियों को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में प्रवेश मिलना है।

### केनेडियन ओपन:

## सिनर और जोकोविच के बाद कार्लोस अल्कारेज भी टोरंटो मास्टर्स से हटे

**टोरंटो, एजेंसी।** अल्कारेज से पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, छठे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने अगले सप्ताह शुरू होने वाली इस हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया था। विश्व के दूसरे नंबर के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने टोरंटो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है।

वर्ष के आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन की तैयारियों से पहले इस एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अल्कारेज के नहीं खेलने से इसकी चमक फीकी पड़ गई है। अल्कारेज पहले ऐसे खिलाड़ी नहीं है जिन्होंने इस टूर्नामेंट से नाम वापस लिया है। अल्कारेज से पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, छठे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने अगले सप्ताह शुरू होने वाली इस हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया था।




पांच बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्कारेज विंबलडन के फाइनल में सिनर से हार गए थे और इस तरह से ऑल इंग्लैंड क्लब में लगातार तीसरा खिताब जीतने से चूक गए थे।

### यूएस ओपन:

## ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने यूएस ओपन से नाम वापस लिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया में छठी रैंकिंग की खिलाड़ी झेंग पिछले महीने विंबलडन में पहले दौर में हार गई थीं। झेंग ने कहा कि उन्हें लग रहा था कि उन्हें ठीक होने में महीनों लगेंगे, इसलिए यह सुनिश्चित हो गया था कि वह 24 अगस्त से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन में भाग नहीं ले पाएंगी। ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने वर्ष के अंतिम ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन से नाम वापस ले लिया है। झेंग कोहली की चोट से जूझ रही हैं जिस कारण वह इस टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकेंगी। यूएस ओपन 24 अगस्त से शुरू होगा। चीन की इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने दो दिन पहले घोषणा की थी कि उनकी दाहिनी कोहनी की लगातार दर्द के कारण आर्थोस्कोपिक सर्जरी हुई है। दुनिया में छठी



रैंकिंग की खिलाड़ी झेंग पिछले महीने विंबलडन में पहले दौर में हार गई थीं। झेंग ने कहा कि उन्हें लग रहा था कि उन्हें ठीक होने में महीनों लगेंगे, इसलिए यह सुनिश्चित हो गया था कि वह 24 अगस्त से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन में भाग नहीं ले पाएंगी। यूएस ओपन में उनकी जगह फ्रांस की लेओलिया जीनजीन को मुख्य ड्रॉ में शामिल किया गया है।